कोटद्वार, शनिवार
23 अगस्त 2025
वर्षः 47
अंकः 111 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### उत्तराखंड सरकार पर बरसे टिकैत

हरिद्वार। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि उनका धरना अनिश्चितकालीन है। हम यहां आ गए हैं और यहां से कहीं जाने वाले नहीं है। कहा कि वो बाहर के एक भी किसान को धरने पर नहीं बुलाएंगे। उत्तराखंड राज्य की लड़ाई को उत्तराखंड के लोग ही लड़ेंगे। इसके साथ ही राकेश टिकैत सरकार और प्रशासन पर भी जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि लाठी और बंदूक की ताकत पर जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। यह पूंजीपतियों की सरकार है, इन पूंजीपतियों ने देश की जनता को बहकाकर, एक पॉलिटिकल पार्टी पर कब्जा कर लिया है।

**चुनाव आयोग पर उठाए सवाल, विपक्ष को बताया ढीला**

राकेश टिकैत ने बिहार में वोट काटने पर चल रही राजनीति को लेकर चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि देश में चुनाव आयोग तो निष्पक्ष होता था। आज चुनाव आयोग की कोई गरिमा नहीं है। देश में आज वोट कट रहा है और वोट जुड़ रहा है लेकिन चुनाव आयोग कुछ नहीं कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बिहार में आंदोलन कर रहे विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा और कहा कि देश में विपक्ष ढीला है। जब तक लाठीचार्ज नहीं होंगे, विपक्ष के लोग बीस बीस महीने तक जेल नहीं जाएंगे तब तक कुछ नहीं होने वाला है। विपक्ष को बेड और एसी से बाहर निकलना होगा। रेली से कुछ नहीं होने वाला है। बड़ा आंदोलन करना ही पड़ेगा।

### हरकी पैड़ी की गंगा आरती वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

हरिद्वार। विश्व विख्यात हरकी पैड़ी पर पिछले 109 वर्षों से निरंतर सुबह शाम गंगा आरती करने पर श्री गंगा सभा को ऑक्सफोर्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने सम्मानित किया। शुक्रवार को ऑक्सफोर्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के भारतीय प्रतिनिधि सुरेश मिश्रा ने श्री गंगा सभा के कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री तन्मय वशिष्ठ को प्रशस्ति पत्र और मेडल सौंपा। इस अवसर पर सुरेश मिश्रा ने कहा कि 1916 में पंडित महामना मदन मोहन मालवीय ने श्री गंगा सभा का शुभारंभ किया था। तब से निरंतर 109 वर्षों से हरकी पैड़ी पर मां गंगा की भव्य, दिव्य, अलौकिक आरती की जाती है। इसे भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व से श्रद्धालु देखने आते हैं। 109 वर्षों से एक ही स्थान पर महा आरती का आयोजन किया जा रहा है।


### गौशाला की गायों पर पथराव, गौसेवकों को दी धमकी

अल्मोड़ा। ग्रामसभा कटारमल स्थित गुरुकुल शौले की भूमि पर संचालित गौ सदन गौशाला में गुरुवार को निराश्रित गौवंश को चराने के दौरान विवाद खड़ा हो गया। गौ सेवा न्यास के अनुसार, 21 अगस्त को गौवंश चराते समय एक स्थानीय व्यक्ति ने गायों पर पथराव किया और गौसेवकों को धमकाया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। गौ सेवा न्यास के अध्यक्ष बद्रीविशाल अग्रवाल और सचिव दयाकृष्ण कांडपाल ने बताया कि वर्ष 2011 से संचालित इस गौशाला में वर्तमान में 73 गायें संरक्षित हैं। यह गौशाला गुरुकुल शौले की 254 नाली भूमि पर स्थापित है, जिसे आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रस्ताव से उपलब्ध कराया गया था।

नगर के गौसेवक यहां सेवा और सहयोग करते हैं। यह गौशाला उत्तराखंड पशु कल्याण बोर्ड से मान्यता प्राप्त है और इसका निरीक्षण दो जिलाधिकारियों व पशुपालन मंत्री द्वारा भी किया जा चुका है। जिला प्रशासन ने यहां चारे का गोदाम भी बनाया है, जबकि सांसद अजय टम्टा और विधायक मनोज तिवारी ने क्रमशः सांसद और विधायक निधि से गौ संरक्षण और संरचना विकास के लिए सहयोग दिया है। गौ सेवा न्यास, आर्य समाज अल्मोड़ा और गौ कृपा महिला पौधालय से जुड़े सदस्यों का आरोप है कि पूरन सिंह न केवल गौवंश को चरने से रोक रहा है, बल्कि न्यास को उपलब्ध कराई गई भूमि पर चुगान की अनुमति भी नहीं दे रहा है। इससे गौशाला के संचालन में गंभीर कठिनाई आ रही है और गौसेवकों में आक्रोश व्याप्त है। इस मामले में गौ सेवा न्यास की ओर से जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी को पत्र भेजकर हस्तक्षेप और आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। पत्र पर बद्रीविशाल अग्रवाल, चंद्रमणी भट्ट, दयाकृष्ण कांडपाल और सूरज तिवारी के हस्ताक्षर हैं।

# तृणमूल जाबे, भाजपा आसबे: पीएम मोदी

## पीएम ने किया 5200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के शिलान्यास



कोलकाता । बंगाल में भाजपा की सरकार बनाइए। हम श्याम प्रसाद मुखर्जी के सपनों का बंगाल बनाएंगे। विकसित बंगाल, मोदी की गारंटी है। भाजपा के पास बंगाल के विकास का रोडमैप है। लेकिन तृणमूल के पास नहीं है। तृणमूल विकास की दुश्मन है। दमदम के लोग भी इसके गवाह हैं। स्मार्ट सिटी मिशन में यहां काफी प्रगति हो सकती थी। लेकिन तृणमूल सरकार उस परियोजना में शामिल नहीं हुई। तृणमूल का काम किसी भी तरह से पश्चिम बंगाल में केंद्रीय परियोजनाओं के कार्यान्वयन को रोकना है। इसलिए आपको यहां भी भाजपा को मौका देना चाहिए। उक्त बात आज पीएम मोदी ने कहा की, "तृणमूल जाबे, भाजपा आसबे" पीएम मोदी ने कोलकाता में कई मेट्रो रेलवे परियोजनाओं सहित 5200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के शिलान्यास के दौरान कही। प्रधानमंत्री मोदी ने जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन से नोआपाड़ा–जय हिंद विमानबंदर मेट्रो रूट, सियालदह–एस्प्लेनेड मेट्रो रूट और बेलेघाटा–हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो रूट का उद्घाटन किया। इन रूट की कुल लंबाई 13.62 किलोमीटर है। इसके अलावा पीएम 1200 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से बनने वाले सिक्स–लेन कोना एक्सप्रेसवे की आधारशिला भी रखी। यह एक्सप्रेसवे 7.2 किलोमीटर लंबा होगा। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई हैं।

### मुकेश अंबानी की मां कोकिलाबेन की अचानक बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में कराया गया भर्ती

नई दिल्ली , रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की मां कोकिलाबेन अंबानी को आपातकालीन स्थिति में एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार उन्हें एयरलिफ्ट करके अस्पताल पहुंचाया गया। 91 वर्षीय कोकिलाबेन अंबानी उम्र संबंधी बीमारियों के कारण अस्पताल में भर्ती हैं और वरिष्ठ डॉक्टरों की देखरेख में हैं। उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है और अंबानी परिवार ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। उनके अस्पताल में भर्ती होने के तुरंत बाद मुकेश अंबानी को कलिना हवाई अड्डे पर पहुंचते और अस्पताल जाते देखा गया। दिवंगत उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज के संस्थापक धीरूभाई अंबानी की पत्नी कोकिलाबेन का जन्म 24 फरवरी, 1934 को गुजरात के जामनगर में हुआ था। कोकिलाबेन ने भारत के आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन के दशकों में परिवार के पालन–पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# सीएम धामी ने की केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट, राज्य के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा



देहरादून। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट की और राज्य के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश, हरिद्वार और अन्य तीर्थ क्षेत्रों में आगामी कुंभ 2027 को ध्यान में रखते हुए बुनियादी ढांचे के विकास तथा आवास योजनाओं से जुड़े विषयों पर केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश के गंगा कॉरिडोर में विद्युत लाइनों के भूमिगतकरण और स्वचालन से जुड़े 547.83 करोड़ की डीपीआर को फ्लैगर योजना के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान करने हेतु केंद्रीय मंत्री का आभार जताया। साथ ही हरिद्वार कुंभ क्षेत्र के लिए 315 करोड़ के समान प्रस्ताव को भी फ्लैगर योजना में सम्मिलित करते हुए शीघ्र अनुमोदन का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दिशा–निर्देशों के अंतर्गत वाउचर प्रणाली के कारण निजी डेवलपर्स परियोजनाओं में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने पूर्ववर्ती 40:40:20 की चरणबद्ध भुगतान प्रणाली को पुनः लागू करने हेतु अनुरोध किया ताकि योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाई जा सके।

मुख्यमंत्री ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में राज्य में एएचपी घटक के अंतर्गत 15960 आवासीय इकाइयों का निर्माण प्रगति पर है। इनमें से 15281 इकाइयां लाभार्थियों को आवंटित की जा चुकी हैं। परंतु ईडब्ल्यूएस वर्ग के लाभार्थियों की असंगठित आय एवं कम उक्कक्छ स्कोर के कारण अग्रणी बैंकों से ऋण सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि बैंकों, एनबीएफसी, एसएलबीसी और आरबीआई को इस विषय में विशेष दिशा–निर्देश जारी किए जाएं ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी योजना का लाभ उठा सकें।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ऋषिकेश–गंगा, हरिद्वार–गंगा और टनकपुर स्थित शारदा रिवरफ्रंट को विश्व स्तरीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने टीएचडीसी की सीएसआर निधि से 100 करोड़ के सहयोग का अनुरोध करते हुए कहा कि यह प्रयास न केवल "नमामि गंगे" कार्यक्रम को बल देगा, बल्कि सतत पर्यटन और स्थानीय आजीविका को भी बढ़ावा देगा।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार से अपेक्षित सहयोग प्राप्त होने पर उत्तराखंड आगामी कुंभ के भव्य, सुरक्षित एवं पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील आयोजन के साथ–साथ आवास एवं आधारभूत संरचना विकास के क्षेत्र में एक नई ऊँचाई प्राप्त करेगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

# उत्तराखंड में बढ़ने वाले हैं सर्किल रेट



देहरादून। उत्तराखंड में कड़ा भू–कानून लागू होने और भूमि खरीद–बिक्री में फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे व्यापक अभियान के बीच राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से राहत भरी खबर है। चालू वित्तीय वर्ष के पहले चार महीनों में 928 करोड़ की आमदनी स्टांप एवं निबंधन से हुई है। यह कुल वार्षिक लक्ष्य का 33 प्रतिशत है। इसमें और वृद्धि तय है।

पंचायत चुनाव निपट चुके हैं और प्रदेश सरकार अब सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी में है। ऐसा हुआ तो लगभग 26 प्रतिशत तक नए सर्किल रेट बढ़ सकते हैं। वर्चुअल रजिस्ट्री की सुविधा एक जनवरी, 2026 से लांच की जा रही है। इस संबंध में शासन ने स्टांप एवं निबंधन विभाग को निर्देश दिए हैं। प्रदेश में बड़े पैमाने पर भूमि खरीद–बिक्री में फर्जीवाड़ा पकड़ में आ चुका है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के इस पूरे प्रकरण पर सख्त रुख अपनाने के बाद प्रदेश में विगत मई माह से कड़ा भू–कानून अस्तित्व में आ चुका है।

वहीं मुख्यमंत्री के निर्देश पर नियम–कानून को ताक पर की जा रही भूमि की खरीद–बिक्री रोकने के लिए जिलेवार अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते 19 हेक्टेयर से अधिक भूमि सरकार में निहित हो चुकी है, जबकि नियम विरुद्ध खरीद–बिक्री के लिए मुकदमें दर्ज किए गए हैं। सरकार के इन तेवरों से फर्जीवाड़े पर अंकुश लगा है, लेकिन भूमि खरीद–बिक्री से होने वाली आय में गिरावट दर्ज नहीं की गई। चालू वित्तीय वर्ष में स्टांप एवं निबंधन से 2799 करोड़ राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य है। 31 जुलाई, 2025 तक 928 करोड़ राजस्व प्राप्त हो चुका है। प्रदेश में ढाई वर्ष से अधिक समय से सर्किल रेट बढ़ाए नहीं गए हैं। इसकी तैयारी की गई थी, लेकिन पंचायत चुनाव के चलते इसे टाल दिया गया। अब इस संबंध में शासन स्तर पर पत्रावली फिर आगे बढ़ा दी गई है। माना जा रहा है कि इसे शीघ्र मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा, ताकि नए सर्किल रेट लागू किए जा सकें। पूरे प्रदेश में लगभग 2832 सेक्टर में सर्किल रेट संशोधित होंगे। उत्तराखंड स्टांप (संपत्ति मूल्यांकन) नियमावली, 2015 के अनुसार सर्किल रेट प्रति वर्ष बढ़ने चाहिए। इससे पहले 16 फरवरी, 2023 को प्रदेश में सर्किल रेट बढ़ाए गए थे।

### निजी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप

बाजपुर।उत्तराखंड के बाजपुर में एक निजी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी जिसके बाद शुक्रवार सुबह हड़कंप मच गया। अब इस मामले की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में पता चला है कि ये धमकी किसी और ने नहीं बल्कि उसी स्कूल में कक्षा 11वीं के छात्र ने की थी। जानकारी के मुताबिक उसने ऐसा इसलिए किया तारी परीक्षा से बच सके। पुलिस ने जब छात्र से पूछताछ की उसने बताय कि उसने यह हरकत परीक्षा से बचने के लिए की थी। बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल गुरुवार की रात करीब 10:30 बजे मिला। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। शुक्रवार सुबह बॉम्ब स्क्वाड, डॉग स्क्वाड लोकल पुलिस के साथ स्कूल पहुंचे, जहां कोने–कोने की तलाशी ली गई। लेकिन उन्हें वहां कुछ नहीं मिला। इसके बाद टीम लौट गई। कोतवाल प्रवीण कोश्यारी ने बताया कि स्कूल की शिकायत के बाद टीमों को भेजा गया लेकिन वहां ऐसा कुछ नहीं मिला। वहीं स्कूल के सचिव आईपी बरार ने बताया कि ये शरारत स्कूल के ही कक्षा 11वीं के छात्र ने की थी, जिसे पुलिस को सौंपा है। उधर, घटना के बाद नाराज परिजनों ने हंगामा किया। इन लोगों का कहना था कि जब स्कूल को धमकी मिली थी तो स्कूल को बंद क्यों नहीं किया गया।


# धराली आपदा के बाद रिमोट सेंसिंग व जीआइएस मैपिंग को लेकर चर्चा तेज




देहरादून। उत्तराखंड में आई धराली आपदा के बाद रिमोट सेंसिंग व जीआइएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) मैपिंग को लेकर चर्चा काफी तेज हो गई है। राज्य सरकार ने आपदाओं के पूर्व अनुमान के लिए रिमोट सेंसिंग व जीआइएस मैपिंग प्रयोगशालाओं को सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। आम आदमी के मन में भी यह बड़ा सवाल है कि आखिर यह विधियां कितनी कारगर हैं, यह कैसे काम करती हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार यह पूरा सिस्टम सूर्य के प्रकाश से काम करता है। धरती के विभिन्न हिस्सों में सूर्य की किरणें पड़ने पर अलग–अलग तरह का इलेक्ट्रो मेग्नेटिक रेडियेशन पैदा होता है।

रिमोट सेंसिंग प्रक्रिया में आकाशीय उपग्रह इस रेडियेशन को ग्रहण कर उसकी डिजिटल रिपोर्ट धरती पर भेजता है। इस रिपोर्ट का जीआइएस में विभिन्न पहलुओं से अध्ययन कर यह पता लगाया जाता है कि संबंधित स्थान पर असामान्य हुई स्थिति से कितने घंटे बाद किस तरह की आपदा आने की संभावना है। दून विश्वविद्यालय में नित्यानंद हिमालय शोध व अध्ययन केंद्र के प्रोफेसर डीडी चौनियाल बताते हैं कि उत्तराखंड समेत सभी पहाड़ी राज्यों के लिए जीआइएस बेहद कारगर है। यह कंप्यूटर आधारित तकनीकी है, जो धरातलीय व गैर धरातलीय डाटा का विश्लेषण कर आपदा का पूर्वानुमान लगाती है। उन्होंने बताया कि रिमोट सेंसिंग में आकाशीय सेटेलाइट धरातल की तस्वीर लेते हैं। अलग–अलग विशेषज्ञ तस्वीरों के आधार पर धरातल पर स्थिति का आकलन करते हैं। इससे यह अंदाजा लगाया जाता है कि आने वाले समय में वहां पर किस प्रकार की स्थितियां पैदा हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि इसरो ने हाल ही में एक सेटेलाइट छोड़ा है, जो पहाड़ में बादल एकत्र होते ही पूर्व सूचना देगा। चेताएगा कि कहां पर बादल एकत्र हैं, इससे कितनी दूरी तक के गांवों या आबादी के प्रभावित होने का खतरा है। इसी तरह भूकंप व लैंड स्लाइड से पूर्व भी यह सिस्टम अलार्म देने का काम करेगा।

# नसबंदी और टीकाकरण के बाद छोड़े जाएंगे आवारा कुत्ते, सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश



नईदिल्ली,सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली–एनसीआर की सड़कों पर आवारा कुत्तों को लेकर फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने कहा कि जिन कुत्तों को पकड़ा गया है, उन्हें नसबंदी और टीकाकरण के बाद छोड़ दिया जाए। कोर्ट ने ये भी आदेश दिया कि रेबीज से संक्रमित या हिंसक कुत्तों को नहीं छोड़ा जाए। कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खाना न दिया जाए। इससे पहले कोर्ट ने आवारा कुत्तों को डॉग शेल्टर्स में भेजने का आदेश दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि नगर निगम को कुत्तों को पकड़कर उन्हें कीड़े मारने की दवा, टीकाकरण आदि करने के बाद उसी इलाके में छोड़ना होगा, जहां से पकड़े गए थे। कोर्ट ने कहा कि हर इलाके में कुत्तों को खिलाने के लिए खास क्षेत्र बनाए जाएंगे। इसके अलावा सार्वजनिक जगहों पर कुत्तों को खाना खिलाना मना होगा। आदेश का पालन न करने पर कार्रवाई होगी। कोर्ट ने कहा कि कोई भी व्यक्ति या संस्था इन सेवाओं में बाधा नहीं डालेगी।

कोर्ट ने कहा कि यह आदेश दिल्ली–एनसीआर क्षेत्रों के साथ–साथ पूरे देश में लागू किया जाएगा। सभी राज्य सरकारों को इसके लिए नोटिस जारी किया गया है और हाईकोर्ट में लंबित सभी मामलों को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किया गया है। कोर्ट ने कहा कि कुत्तों को निश्चित जगह पर खाना खिलाने के लिए फीडिंग जोन बनाए जाएंगे, जिसके लिए एनजीओ को 25,000 रुपये की धनराशि दी जाएगी।

आवारा कुत्तों के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दाखिल की गई थीं। इन पर सुनवाई के बाद जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले 11 अगस्त को 2 न्यायाधीशों की पीठ ने 8 हफ्ते के भीतर आवारा कुत्तों को हटाने का निर्देश दिया था। इस फैसले का विरोध होने पर नई पीठ ने सुनवाई की थी। सरकार ने कहा था, "कुछ लोग चिकन, अंडे खाते हैं और पशु प्रेमी होने का दावा कर रहे हैं। इस मुद्दे का समाधान होना चाहिए। बच्चे मर रहे हैं। कुत्तों को मारा नहीं जाएगा, सिर्फ अलग किया जाएगा। नसबंदी से रेबीज नहीं रुकता। अगर आप टीकाकरण भी कर दें, तो भी बच्चों का अंग–भंग होना नहीं रुकता। सालाना 37 लाख, यानी रोजाना 10,000। ये कुत्तों के काटने से हुई मौतें हैं। हम बच्चों को खुले में खेलने नहीं भेज सकते।"पशु प्रेमियों की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा था, "पहली बार मैंने एसजी को यह कहते सुना कि कानून है, लेकिन इसका पालन करने की जरूरत नहीं है। क्या कुत्तों की नसबंदी की गई है, क्या पैसा दिया गया है, क्या आश्रय स्थल है? आदेश स्वतः संज्ञान लेकर दिया गया, कोई नोटिस भी नहीं। 700 कुत्ते पहले ही उठा लिए हैं, भगवान जाने उनका क्या होगा।

### जम्मू–कश्मीर के 2 सरकारी कर्मचारी आतंकियों से संबंध रखने के कारण बर्खास्त

श्रीनगर,जम्मू–कश्मीर में आतंकियों से संबंध रखने के आरोप में 2 सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (सी) का हवाला देते हुए यह निर्णय लिया है। कर्मचारियों की पहचान करनाह में तैनात शिक्षक खुर्शीद अहमद राथर और केरन स्थित भेड़पालन विभाग में सहायक पशुपालक सियाद अहमद खान के रूप में हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों पिछले साल जनवरी से जेल में बंद हैं। दोनों आतंकियों के लिए काम कर रहे थे। जांच से पता चला है कि दोनों सरकारी कर्मचारी आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) के लिए काम कर रहे थे। उनके ऊपर अपने–अपने विभागों के जरिए आतंकियों की मदद का आरोप लगाया है।


# मासूम संग नानकसागर डैम में कूदी महिला, युवकों ने बचाया



रुद्रपुर।नानकसागर जलाशय में बीते गुरुवार को अपने एक वर्ष के बच्चे के साथ कूदी महिला को अपने जान की परवाह न करते हुए तीन युवकों ने बचा लिया। बच्चा कुछ देर तक डूबे रहने के कारण चिंताजनक हालत में था। उसके मुंह से पानी निकाला गया और बाद में अस्पताल ले गए। इलाज के बाद मां–बेटे खतरे से बाहर हैं। शुक्रवार को पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों ने तीनों युवकों को सम्मानित किया। गुरुवार को ग्राम सुनखरी निवासी महिला ने अपने एक वर्ष के पुत्र के साथ नानकसागर जलाशय में छलांग लगा दी। बताया जा रहा है कि महिला पारिवारिक विवाद के बाद घर से जलाशय में कूदने की बात कहकर निकली थी। महिला के पीछे उसका भतीजा बुआ के जलाशय में कूदने की बात बताते हुए चीखने लगा। इस पर महिला और बच्चे को बचाने के लिए वहां घूम रहे कुशाल सिंह, बॉबी सिंह निवासी सुंदरनगर, जसविंदर सिंह निवासी पंजाब ने अपने जान की परवाह न करते हुए नानकसागर में छलांग लगा दी। तीनों युवकों ने महिला को बचा लिया, लेकिन मासूम बालक महिला की पकड़ से छूट गया और आगे बहते हुए करीब 50 मीटर आगे जाल में फंस गया।

तीनों युवकों ने किसी तरह बहते बालक को जलाशय के अंदर से बाहर निकाला। उसके पेट में पानी भरने से सांस उखड़ने लगी थीं।

# श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे गिरफ्तार, सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप



कोलंबो , श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को शुक्रवार को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार कर लिया है। वे सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप को लेकर कोलंबो स्थित सीआईडी कार्यालय में बयान दर्ज कराने गए थे, जहां उनको गिरफ्तार कर लिया गया। श्रीलंकाई मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह जांच सितंबर 2023 में उनकी लंदन यात्रा से संबंधित है, जहां वे अपनी पत्नी, प्रोफेसर मैत्री विक्रमसिंघे के वॉल्वरहैम्प्टन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए थे। जांचकर्ताओं का दावा है कि इस यात्रा और सुरक्षा खर्चों के लिए सरकारी धन का उपयोग किया गया था। पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने इन आरोपों का खंडन किया है और कहा है कि उनकी पत्नी ने अपने खर्चे खुद उठाए थे और किसी भी सार्वजनिक धन का दुरुपयोग नहीं हुआ। सीआईडी ने पहले फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत किए थे और उनके पूर्व निजी सचिव सैंड्रा परेरा और पूर्व राष्ट्रपति सचिव समन एकनायके के बयान दर्ज किए थे। शुक्रवार सुबह चार घंटे से अधिक समय तक बयान दर्ज कराने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया और जल्द ही फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किए जाने की उम्मीद है। बता दें कि मंगलवार को सीआईडी अधिकारियों का उनके पास पेश होने के लिए फोन आया था। इसके बाद उन्होंने अपने वकीलों को सूचित किया था कि वह इस सप्ताह ही उपस्थित होंगे। उनके वकीलों ने सीआईडी को बताया था कि वह शुक्रवार को पेश होंगे। विक्रमसिंघे के वकीलों ने उन्हें गिरफ्तारी के लिए तैयार रहने की सलाह दी थी। पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की पेशी से पहले फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है।

### संसद भवन के परिसर में कूदा व्यक्ति, मची अफरा–तफरी

नईदिल्ली,संसद भवन में एक बार फिर अवांछित व्यक्ति के प्रवेश करने से अफरा–तफरी मच गई। व्यक्ति संसद भवन के परिसर में दीवार फांदकर अंदर घुस गया, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों की नजर पड़ते ही उसे पकड़ लिया गया। वह पेड़ पर चढ़कर दीवार से भवन में दाखिल हुआ था। घटना सुबह साढ़े 6 बजे की बताई जा रही है। घटना ऐसे समय घटी है, जब संसद का मानसून सत्र गुरुवार को अनिश्चितकालीन समय के लिए स्थगित कर दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी व्यक्ति रेल भवन की ओर से दीवार से फांदकर संसद भवन के परिसर में आया था और नए संसद भवन के गरुड़ द्वार तक पहुंच गया। सुरक्षाकर्मियों ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

# संसद में पारित हुए नए समुद्री कानून, अब सस्ता और आसान होगा समुद्री व्यापार



नई दिल्ली,संसद के मानसून सत्र में पांच बड़े समुद्री विधेयक पारित हुए हैं, जिन्हें भारत की समुद्री अर्थव्यवस्था और व्यापार जगत के लिए ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है. इन नए कानूनों का उद्देश्य औपनिवेशिक युग के पुराने समुद्री कानूनों की जगह आधुनिक और वैश्विक मानकों के अनुरूप नियम लागू करना है, जिससे न केवल व्यापार आसान होगा बल्कि लागत में भी कमी आएगी. केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बताया कि पारित हुए नए कानूनों में बिल ऑफ लैडिंग 2025, कैरिज ऑफ गुड्स बाय सी बिल 2025, कोस्टल शिपिंग बिल 2025, मर्चेंट शिपिंग बिल 2025 और इंडियन पोर्ट्स बिल 2025 शामिल हैं. ये सभी कानून क्रमशः 1925, 1958 और 1908 के पुराने औपनिवेशिक कानूनों को बदल देंगे. बिल ऑफ लैडिंग 2025 का उद्देश्य कानूनी दस्तावेजों को सरल बनाना है, ताकि आयात–निर्यात के दौरान विवाद कम हों और व्यापारियों को लेन–देन में आसानी हो. वहीं, कैरिज ऑफ गुड्स बाय सी बिल 2025 हेग–विस्बी नियमों को अपनाकर मुकदमेबाजी कम करने और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत बनाने में मदद करेगा. कोस्टल शिपिंग बिल 2025 भारत के 6त्न तटीय नौवहन हिस्सेदारी को पुनर्जीवित करने पर केंद्रित है. इससे हर साल लगभग 10,000 करोड़ रुपये की रसद लागत बचत होगी. साथ ही सड़क यातायात और प्रदूषण दोनों में कमी आएगी.मर्चेंट शिपिंग बिल 2025 वैश्विक मानकों के अनुरूप जहाजों की सुरक्षा, नाविकों के कल्याण और समुद्री पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित है. इसमें जहाज़ दुर्घटनाओं में मलबा हटाने और बचाव कार्यों को तेज़ बनाने का भी प्रावधान है.इंडियन पोर्ट्स बिल 2025 के तहत राज्य समुद्री बोर्डों को छोटे बंदरगाहों के प्रबंधन की अधिक शक्ति दी जाएगी.

## सम्पादकीय

# सत्ता से निकटता की धौंस

उत्तराखंड में इन दिनों एक युवक की आत्महत्या का प्रकरण काफी सुर्खियों में है। सुर्खियां इसलिए हैं क्योंकि मृतक ने खुद को गोली मारकर मौत की घाट उतार दिया था और इससे पहले एक सनसनीखेज़ वीडियो पोस्ट किया था जिसमें कुछ ऐसे नाम उजागर किए थे जिनको सत्ता के काफी करीब बताया गया था। मृतक जितेंद्र सिंह ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री हिमांशु चमोली पर कई संगीन आरोप लगाए और उनके लाखों रुपए हड़पने की बात कही। वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेश की राजनीति में भूचाल आ गया और विपक्ष ने सीधा भाजपा पर निशाना साधते हुए सरकार में माफियाओं और अपराधी प्रवृत्ति के लोगों की संलिपिटता के आरोप लगाए। इधर मामला सुर्खियों में आने के बाद तत्काल हिमांशु चमोली को जनपद पौड़ी की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया तो वही वीडियो में अन्य चार लोगों को भी बाद में गिरफ्तार किया गया। हैरानी की बात यह है कि आरोपी हिमांशी चमोली खुद को बड़े–बड़े नेताओं का करीबी बताते हुए सोशल मीडिया पर सक्रिय था साथ खुद को मुख्यमंत्री का ओएसडी भी बताया करता था। हालांकि शासन की ओर से उसका किसी भी प्रशासनिक पद पर होने का खंडन किया गया। मामला सुर्खियों में है और कांग्रेस ने इसे सत्ता के साथ अपराधियों की गठजोड़ का मुद्दा बनाते हुए विरोध तेज कर दिया है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब माफियाओं एवं ऐसे अन्य लोगों के कारनामे उजागर होने के बाद इनका किसी राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ होना सामने ना आया हो। उत्तराखंड का चर्चित अंकित हत्याकांड, एवं हरिद्वार का अनामिका प्रकरण इसी कड़ी का एक हिस्सा है जिसमें आरोपी भाजपा में पदाधिकारी भी बने हुए थे। राज्य बनने के बाद से ही उत्तराखंड की राजनीति में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या में घुसपैठ नजर आई है जो सत्ता और सत्ता से जुड़े नेताओं के संपर्कों का लाभ उठाकर गलत कार्यों में संलिप्त रहे हैं। कोई बड़ी वारदात होने के बाद ही इस प्रकार के प्रकरण सामने आते हैं जिसमें आरोपी सत्ता के करीब होने का दावा करते हुए अनुचित कार्य करते हैं। इस मामले में राज्य सरकार ने तत्काल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे जिसके तहत हिमांशु चमोली सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। यही नहीं मुख्यमंत्री ने भी प्रकरण को बेहद गंभीरता से लेते हुए परिवार के सदस्यों से बात की और उन्हें सांत्वना देते हुए हर स्थिति में न्याय दिलाने का भरोसा दिया। यहां सत्ता से जुड़े लोगों का यह नैतिक कर्तव्य है कि उन्हें खुद से जुड़े ऐसे लोगों की जानकारी होनी चाहिए जो संबंधों की आड़ में गैरकानूनी एवं अनैतिक कार्य करते आ रहे हैं। इस प्रकार के लोगों से राजनीतिक दलों और नेताओं को दूरी बनाकर रखनी चाहिए अन्यथा पता नहीं कब कैसा प्रकरण सरकार के लिए मुसीबत बन जाए?

# सीमा विवाद सुलझाना कठिन

**भारत की मुश्किल यह है कि वह जम्मू कश्मीर और पाकिस्तान के मसले पर किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को किसी स्थिति में स्वीकार नहीं कर सकता है। अगर किसी ने मध्यस्थता की भी है तो भारत उसका सार्वजनिक रूप से जिक्र नहीं करेगा। हो सकता है कि ट्रंप इस वजह से नाराज हुए हों। ध्यान रहे उनकी नाराजगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में दिए भाषण के बाद ज्यादा बढ़ी है, जिसमें उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी नेता ने सीजफायर नहीं कराई है। उसके बाद ही 25 फीसदी टैरिफ और रूस के साथ कारोबार की वजह से 25 फीसदी जुर्माने का टैरिफ यानी कुल 50 फीसदी टैरिफ लगा। इसके बाद वे बहुत कुछ और होने की बात भी कर रहे हैं। उन्होंने व्यापार संधि पर भी वार्ता रोकने और पहले टैरिफ का मामला सुलझाने की बात कही है।**



**हरिशंकर व्यास**

वैसे तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रैल के शुरू में ही दुनिया भर के देशों के खिलाफ जैसे को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया था। उसके बाद 22 अप्रैल को पहलगाम कांड हुआ और फिर छह और सात मई की दरम्यानी रात को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसका सीजफायर 10 मई की शाम को हुआ। इससे पहले तक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ की लड़ाई सामान्य रूप से दुनिया के तमाम देशों के खिलाफ थी। वे दुनिया के तमाम देशों पर उसी तरह के टैरिफ लगाना चाहते थे, जिस तरह के टैरिफ उन देशों में अमेरिकी उत्पादों पर लगता था। उनके निशाने पर एक सौ देश थे और उनकी बंदूक भारत की ओर नहीं घूमी थी। उन्होंने अप्रैल में टैरिफ बढ़ाने की घोषणा करके उसे तीन महीने के लिए टाल भी दिया था ताकि इस बीच व्यापार संधि हो सके।

तभी सवाल है कि अप्रैल में ट्रंप की घोषणा के बाद ऐसा क्या बदला, जिससे उनकी बंदूक की नाल भारत की ओर घूम गई और वे लगातार भारत को निशाना बना कर हमला करने लगे? यह ध्यान रखने की बात है कि भारत को लेकर ट्रंप जिस तरह की बातें कर रहे हैं वह ट्रंप जैसे नेता के स्तर से भी सामान्य नहीं हैं। तभी ऐसा लग रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर और उसके सीजफायर के बाद स्थितियां बदली हैं। इसमें दो कारण समझ में आते हैं। पहला तो यह कि राष्ट्रपति ट्रंप चाहते होंगे कि उनको सीजफायर का श्रेय मिले, जो भारत नहीं दे रहा है। गौरतलब है कि ट्रंप ने ही 10 मई की शाम को सीजफायर की घोषणा की थी। उनको सोशल मीडिया पोस्ट के बाद भारत की ओर से एक 42 सेकेंड की प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई, जिसमें सीजफायर की जानकारी दी गई। उसके बाद से ट्रंप 35 बार से ज्यादा कह चुके हैं कि उन्होंने दो परमाणु शक्ति संपन्न देशों का युद्ध रूकवाया।

उनके बार बार कहने के बावजूद भारत ने उनको युद्ध रूकवाने का श्रेय नहीं दिया और उलटे इस बात का खंडन किया। संभव है कि नोबल पुरस्कार पाने के लिए बेचैन ट्रंप को लग रहा हो कि दो परमाणु शक्ति संपन्न देशों का युद्ध रूकवाने का श्रेय अगर मिल जाए तो उनको नोबल मिल सकता है। वे एक इंटरव्यू में इस बात पर दुख जता चुके हैं कि उन्होंने इतना बड़ा काम किया लेकिन उनको श्रेय नहीं मिल रहा है।

भारत की मुश्किल यह है कि वह जम्मू कश्मीर और पाकिस्तान के मसले पर किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को किसी स्थिति में स्वीकार नहीं कर सकता है। अगर किसी ने मध्यस्थता की भी है तो भारत उसका सार्वजनिक रूप से जिक्र नहीं करेगा। हो सकता है कि ट्रंप इस वजह से नाराज हुए हों। ध्यान रहे उनकी नाराजगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में दिए भाषण के बाद ज्यादा बढ़ी है, जिसमें उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी नेता ने सीजफायर नहीं कराई है। उसके बाद ही 25 फीसदी टैरिफ और रूस के साथ कारोबार की वजह से 25 फीसदी जुर्माने का टैरिफ यानी कुल 50 फीसदी टैरिफ लगा। इसके बाद वे बहुत कुछ और होने की बात भी कर रहे हैं। उन्होंने व्यापार संधि पर भी वार्ता रोकने और पहले टैरिफ का मामला सुलझाने की बात कही है।

सीजफायर का श्रेय नहीं मिलने के अलावा ऑपरेशन सिंदूर की वजह से दूसरी चीज बदली है वह भारत के प्रति वैश्विक धारणा है। पाकिस्तान की जमीन पर आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने के बाद दोनों के देशों के बीच शुरू हुए संघर्ष में भारत की सैन्य ताकत और उसके प्रति दुनिया के देशों का कूटनीतिक रवैया जाहिर हो गया है। भारत भले स्वीकार नहीं कर रहा है और पेंसिल टूटने की बात कर रहा है लेकिन कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सामरिक विशेषज्ञों ने भारत के लड़ाकू विमानों के नुकसान की बात कही है। खुद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि भारत के पांच विमान गिरे।

भारत के सैन्य अधिकारियों ने माना है कि चीन ने पाकिस्तान के जरिए भारत के खिलाफ अपने हथियारों का परीक्षण किया। दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ तो वह भी बिना शर्त था, जिसकी वजह से पाकिस्तान को जीत का जश्न मनाने का मौका मिला। सोचें, भारत कह रहा है कि पाकिस्तान ने घुटने टेके और गिड़गिड़ाया तब सीजफायर हुआ। अगर ऐसी स्थिति थी तो भारत ने पाकिस्तान के सामने शर्तें क्यों नहीं रखीं? और कुछ नहीं तो पहलगाम कांड को अंजाम देने वाले आतंकवादियों की मांग ही जा सकती थी!

यह सभी सामरिक जानकारों की राय है कि भारत को अभी हमला जारी रखना चाहिए था, जिससे पाकिस्तान की सैन्य क्षमता की पोल खुल जाती और पाकिस्तानी जनता के सामने उसका सैन्य नेतृत्व एक्सपोज हो जाता। इसका भारत को लंबे समय में लाभ मिलता। लेकिन भारत ने अचानक हमला रोक दिया, जिससे यह संदेश बना कि पाकिस्तान भी एक बड़ा मिलिट्री पावर वाला देश है। इससे पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को हीरो बनने का मौका मिला।

बाद में पता चला कि पाकिस्तान की सेना ने भारत द्वारा नष्ट किए गए तमाम आतंकवादी ठिकानों को फिर से नया बनवा दिया। ऑपरेशन सिंदूर की वजह से भारत की सैन्य ताकत पाकिस्तान की बराबरी में आ गई और उसके बाद कूटनीतिक मोर्चे पर भी भारत के प्रति कोई बहुत सद्भाव देखने को नहीं मिला। युद्ध में दो देशों चीन और तुर्किए ने खुल कर पाकिस्तान का साथ दिया, जबकि भारत को जुबानी समर्थन सिर्फ इजराइल का मिला। दुनिया भर के देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ने की जरुरत बताई और पहलगाम कांड पर दुख जताया लेकिन किसी ने भारत की सैन्य कार्रवाई का समर्थन नहीं किया।

सो, संभव है कि भारत की सैन्य और कूटनीतिक ताकत एक्सपोज होने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप को लगा हो कि वे भारत पर दबाव बना सकते हैं और अपने हिसाब से व्यापार संधि करा सकते हों। जो हो इसमें कोई संदेह नहीं दिख रहा है कि सब कुछ ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदला। भारत ने बिना सोचे समझे और पाकिस्तान की तैयारियों का आकलन किए बगैर सैन्य कार्रवाई शुरू की, जिसकी वजह से सैन्य कार्रवाई शुरू होने के तुरंत बाद भारत को नुकसान हो जाने की खबर आई। यह भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने भी माना कि भारत को नुकसान हुआ और उसके बाद रणनीति पर फिर विचार करके नौ मई की रात को हमला शुरू हुआ। लेकिन भारत उस हमले को भी जारी नहीं रख सका।

बाद में जकार्ता में भारत के डिफेंस अताशे कैप्टेन शिवकुमार ने कहा कि भारत का राजनीतिक नेतृत्व सोच रहा था कि आतंकवादी ठिकानों पर हमला करेंगे तो पाकिस्तान की सेना जवाबी हमला नहीं करेगी। इस वजह से सेना को निर्देश था कि पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हमला नहीं करना है। इस राजनीतिक फैसले की वजह से भारतीय सेना को नुकसान होने की खबर है। ट्रंप को पता चल गया है कि भारत की सैन्य क्षमता क्या है और कूटनीतिक पहुंच कहां तक है। उनको यह भी पता है कि चीन के साथ भारत एक सीमा से ज्यादा आगे नहीं बढ़ सकता है क्योंकि दोनों के बीच भू राजनीतिक मसले बहुत उलझे हुए हैं और सीमा विवाद सुलझाना कठिन है।

# विकसित भारत के लिए मोदी का सुधारों का ब्रह्मास्त्र

**हरदीप एस पुरी**

मुझे अपने स्कूल के दिनों से ही 15 अगस्त के भाषणों में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है, लेकिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी का 12वें स्वतंत्रता दिवस का भाषण अभूतपूर्व और असाधारण था। इसमें विकसित भारत के पथ पर भारत की गति बढ़ाने के दिशा में सीधे तौर पर लक्षितझब्रह्मास्त्र– अर्जुन का अकाट्य पौराणिक अस्त्र – छोड़ा गया। वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्याप्त असामान्य उथल–पुथल के दौर के बीच, विकसित भारत का सपना संजोए भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में निरंतर आगे बढ़ना जारी रखे हुए है। यह भाषण केवल अपनी व्यापकता के लिए ही नहीं, बल्कि अपने दायरे– साहसिक, भविष्योन्मुखी और 1.4 बिलियन लोगों के भाग्य को नया आकार देने में सक्षम अगली पीढ़ी के सुधारों – और उस विजन के प्रति स्पष्टता के लिए भी उल्लेखनीय है, जिसका यह राष्ट्र इससे पहले कभी साक्षी नहीं रहा। उदाहरण के लिए, डिजिटल इंडिया स्टैक को ही लें, यूपीआई दुनिया के आधे रीयल–टाइम लेनदेन के लिए उत्तरदायी है और साल के अंत तक होने वाला, पहली मेड–इन–इंडिया चिप का लॉन्च, वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है। ऐसे समय में जब राष्ट्रों की नियति सेमीकंडक्टर निर्धारित करते हैं, महत्वपूर्ण तकनीकों पर संप्रभुता का भारत का यह दावा किसी डिजिटल स्वराज से कम नहीं है।

ऊर्जा सुरक्षा लंबे समय से भारत के विकास की राह की सबसे बड़ी कमज़ोरी रही है। दशकों तक, झिझक और नो गो क्षेत्रों ने अन्वेषण को बाधित किया और आयात पर निर्भरता बढ़ा दी। वह दौर अब बीत चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने ईईजेड में नो गो क्षेत्रों को लगभग 99 प्रतिशत तक कम कर दिया है, जिससे 10 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र ईएंडपी के लिए मुक्त हो गया है। ओएएलपी के साथ, इसने भारतीय और वैश्विक दिग्गजों, दोनों के लिए समान रूप से एक विशाल क्षेत्र खोल दिया है–हमारे हाइड्रोकार्बन बेसिन अब निष्क्रिय नहीं रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के लिए उपयोग में लाए जाएँगे। लाल किले की प्राचीर से घोषित ऐतिहासिक राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में एक महत्वाकांक्षी दूरदर्शी एजेंडा निर्धारित करता है। इस मिशन का लक्ष्य लगभग 40 वाइल्डकैट कुओं की ड्रिलिंग के माध्यम से 600–1200 मिलियन मीट्रिक टन तेल और गैस भंडारों का पता लगाना है। पहली बार, बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर तक भारत अपनी जटिल अपतटीय सीमाओं को व्यवस्थित रूप से खोलेगा, एक ऐसे ढाँचे के साथ जो सूखे कुओं की स्थिति में 80 प्रतिशत तक और व्यावसायिक खोज पर 40 प्रतिशत तक लागत की वसूली की अनुमति देकर निवेश के जोखिम को कम करता है। यह पहल एक व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत 2032 तक घरेलू तेल और गैस उत्पादन को तिगुना बढ़ाकर 85 मिलियन टन और राष्ट्रीय भंडार को दोगुना करके एक से दो बिलियन टन के बीच किया जा सकता है। लगभग 8 मिलियन टन उत्पादन के बराबर, अतिरिक्त 100–250 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस उपलब्ध कराने के लिए प्लग–एंड–प्ले आधार पर अपतटीय साझा बुनियादी ढाँचा बनाया जाएगा। ये सभी उपाय न केवल पहले से अटकी हुई खोजों का मुद्रीकरण करेंगे, बल्कि एक आत्मनिर्भर ईएंडपी इकोसिस्टम का निर्माण भी करेंगे, जहाँ स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं की हिस्सेदारी आज के 25–30 प्रतिशत से बढ़कर 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। यह आज़ादी के बाद से भारत का सबसे व्यापक अपस्ट्रीम सुधार है।साथ ही, ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है। भारत 2030 के लक्ष्य से पाँच साल पहले ही 2025 तक 50 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य तक पहुँच गया है। जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक स्तर से उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं; इथेनॉल मिश्रण और सीबीजी स्केल–अप एक नए ग्रामीण–औद्योगिक आधार का निर्माण कर रहे हैं; एलएनजी के बुनियादी ढाँचे का विस्तार जारी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि असैन्य परमाणु ऊर्जा को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया गया है। वर्तमान में, 10 नए परमाणु रिएक्टर चालू हैं, और भारत का लक्ष्य अपनी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक अपनी परमाणु ऊर्जा क्षमता को दस गुना बढ़ाना है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने की भव्य योजना का हिस्सा है। प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की घोषणा हमारी औद्योगिक रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। ऐसे समय में जब दुनिया लिथियम, दुर्लभ मृदा तत्व , निकल और कोबाल्ट के सामरिक महत्व को पहचान रही है, भारत ने 1,200 से अधिक स्थलों पर अन्वेषण शुरू किया है और साझेदारी, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण का ढाँचा तैयार कर रहा है ताकि नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, ईवी और उन्नत रक्षा क्षेत्र कभी भी बाहरी अवरोधों के अधीन न रहें। राष्ट्रीय सुरक्षा लाल किला चार्टर का एक अन्य स्तंभ था। ऑपरेशन सिंदूर ने परमाणु ब्लैकमेल के युग का अंत करते हुए वास्तविक समय में भारत की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया और यह संदेश दिया कि आक्रमण का जवाब तेज़ी और कुशलता से दिया जाएगा। सिंधु जल संधि को स्थगित करना संप्रभुता का साहसिक दावा है।

## प्रभास बहुत बड़े स्टार, फिर भी पहले सी मासूमियत बरकरार



अभिनेत्री श्रीदेवी विजयकुमार निर्देशक वेंकटेश निम्मालापुडी की अपकमिंग तेलुगु फिल्म सुंदरकांड में नारा रोहित के साथ मुख्य भूमिका में फिर से वापसी कर रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि उनकी दोस्ती आज भी प्रभास के साथ वैसी ही है जैसी पहली थी। अभिनेत्री ने सुपरस्टार प्रभास की तारीफ की। उन्होंने बताया कि भले ही प्रभास आज बड़े पैन इंडिया स्टार बन चुके हैं, लेकिन उनकी दोस्ती आज भी पहले जैसी ही है। बता दें, श्रीदेवी विजयकुमार ने बतौर बाल कलाकार अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी, लेकिन प्रभास के साथ उनकी पहली फिल्म ईश्वर में उन्होंने मुख्य नायिका के रूप में डेब्यू किया था। इस फिल्म का निर्देशन जयंत सी. परांजी ने किया था। सुंदरकांड के प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्रीदेवी से प्रभास के साथ उनकी दोस्ती के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, प्रभास के साथ मेरी दोस्ती आज भी पहले जैसी ही है। प्रभास अब एक बड़े स्टार बन चुके हैं, लेकिन वे जरा भी नहीं बदले। श्रीदेवी ने बताया कि प्रभास आज भी वैसे ही मुस्कुराते हैं और उसी मासूमियत से बात करते हैं जैसे पहले किया करते थे। उन्होंने बताया कि जब वे ईश्वर फिल्म कर रहे थे, तभी पूरी टीम को यह अहसास हो गया था कि प्रभास एक बहुत बड़े स्टार बनेंगे। एक्ट्रेस ने कहा, हम सबको ईश्वर के समय ही पता चल गया था कि प्रभास एक सुपरस्टार बनेंगे। जब हम फिल्म की सक्सेस टूर पर गए थे, तब वहां पर बड़ी भीड़ जमा हो गई थी। प्रभास हमारी उम्मीद से भी बड़े स्टार बन गए हैं। अपनी वापसी और फिल्म सुंदरकांड के बारे में श्रीदेवी ने कहा, मुझे दोबारा फिल्मों में आकर बहुत खुशी हो रही है।

## रिंकू सिंह ने एशिया कप से पहले दिखाई फॉर्म, यूपी टी–20 लीग में जड़ा तूफानी शतक



नईदिल्ली, एशिया कप 2025 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किए गए बल्लेबाज रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट से पहले अपने बेहतरीन फॉर्म में होने का सबूत पेश कर दिया है। उन्होंने यूपी टी–20 लीग में गुरुवार रात को गौर गोरखपुर लायंस के खिलाफ मेरठ मावेरिक्स के लिए नाबाद तूफानी शतक (108) जड़ते हुए टीम को जीत दिला दी। उनकी यह फॉर्म टी–20 प्रारूप में खेले जाने वाले एशिया कप के लिहाज से अच्छा संकेत माना जा रहा है। गोरखपुर से मिले 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेरठ को 31 रन के स्कोर तक 3 झटके लग चुके थे। उसके बाद बल्लेबाजी पर आए कप्तान रिंकू ने साहब युवराज (22*) के साथ 5वें विकेट के लिए नाबाद 130 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। रिंकू ने पारी में 48 गेंदों का सामना किया और 7 चौके और 8 छक्कों की मदद से 108 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी स्ट्राइक रेट 225 की रही। मैच में गोरखपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इसके बाद टीम ने कप्तान ध्रुव जुरेल (38), निशांत कुशवाह (37), शिवम शर्मा (35) और आकाशदीप नाथ (23) की पारियों की मदद से 167/9 का स्कोर खड़ा किया। मेरठ के लिए विशाल चौधरी और विजय कुमार ने 3–3 विकेट चटकाए। जवाब में मेरठ ने रिंकू के नाबाद शतक की बदौलत शुरुआती से झटकों से उबरते हुए 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

## हॉरर से डर लगता था, लेकिन टीम की मदद से आसान हुआ सफरः प्राजक्ता कोली



कंटेंट क्रिएटर और अभिनेत्री प्राजक्ता कोली हालिया रिलीज साइकोलॉजिकल–हॉरर स्ट्रीमिंग सीरीज अंधेरा को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री का कहना है कि वह हॉरर या पैरानॉर्मल जॉनर से ज्यादा अवगत नहीं थीं, लेकिन उनकी टीम की मदद से सब कुछ मुमकिन हो गया। प्राजक्ता सीरीज में एक पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर की भूमिका निभा रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वह हॉरर शैली से ज्यादा वाकिफ नहीं हैं। शो की शुरुआत में उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन शो के निर्माता और निर्देशक की मदद से उन्होंने जल्दी ही खुद को संभाल लिया और अच्छा काम किया। अभिनेत्री ने बताया, मैं हॉरर जॉनर के लिए बिल्कुल नई थी; मैं डरावनी फिल्में या शोज नहीं देखती। इसलिए इसकी कहानी को अच्छे–से समझने के लिए शो के क्रिएटर गौरव और डायरेक्टर राघव सर से लंबी बातचीत करती थी। शूटिंग के दौरान सीन से पहले और सीन के बीच में अगर कोई सवाल होता था, तो हम खुलकर बात करते थे। सेट पर माहौल काफी शानदार था, जिससे मुझे काम करना आसान लगा।

## बॉक्स ऑफिस पर वॉर 2 की कमाई में भारी गिरावट

ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर 2 को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यानी 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इस फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों से कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं मिली, लेकिन इसके बावजूद यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। शुरुआती 4 दिनों में शानदार कमाई करने के बाद अब वॉर 2 की कमाई की रफ्तार धीमी हो गई है। आइए जानें फिल्म ने पांचवें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस का लेखा–जोखा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, वॉर 2 ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन केवल 8.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 183.25 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म ने 52 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 57.35 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। तीसरे दिन इस फिल्म ने 33.25 करोड़ रुपये और चौथे दिन 32.15 करोड़ रुपये कमाए।

## एडम जैम्पा ने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर पूरे किए 50 वनडे विकेट, ऐसा करने वाले चौथे स्पिनर



नईदिल्ली,ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के प्रमुख स्पिनर एडम जैम्पा ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पारी में पहला विकेट लेने के साथ ही उनके ऑस्ट्रेलिया धरती पर वनडे क्रिकेट में 50 विकेट पूरे हो गए हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे कंगारू स्पिनर बने हैं। जैम्पा ने टोनी डी जोरजी (38) को आउट करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। आइए उनके आंकड़े जानते हैं।

जैम्पा ने अपना 31वां घरेलू वनडे मैच खेलते हुए 28 से अधिक की औसत और 5.30 की इकॉनमी से 50 विकेट पूरे किए हैं। इसमें 3 बार 4 और एक बार 5 विकेट हॉल शामिल है। शेन वॉर्न (136), पीटर टेलर (77), और ब्रैड हॉग (57) ही घरेलू धरती पर 50 से ज्यादा विकेट लेने वाले अन्य ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर हैं। विदेशी गेंदबाजों में श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (58) ही ऑस्ट्रेलिया में 50 से ज्यादा विकेट लेने में सफल रहे हैं।

जैम्पा के नाम ऑस्ट्रेलिया में 4 वनडे मैचों में 4 या उससे अधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड है, लेकिन इस मामले में उनसे आगे सिर्फ वॉर्न (6) हैं। ग्लेन मैक्सवेल (3) ऑस्ट्रेलिया में 2 बार से ज्यादा 4 या उससे अधिक विकेट लिए हैं।

जैम्पा ने 2016 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने वनडे क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने अब तक के अंतरराष्ट्रीय वनडे करियर में 113 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 28.79 की औसत और 5.55 की इकॉनामी से कुल 189 विकेट लिए हैं। इस प्रारूप में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन न्यूजीलैंड के खिलाफ (5/35) आया है। वह अपने वनडे करियर में 11 बार 4 विकेट हॉल और 1 बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रिक्शाल डाली कौथिग 27 अगस्त से

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : थलीसैंण ब्लॉक के चौथान क्षेत्र के रिक्शाल गांव का प्रसिद्ध और ऐतिहासिक रिक्शाल डाली कौथिग का आयोजन आगामी 27 से 29 अगस्त तक किया जायेगा। सामाजिक कार्यकर्ता बलवीर जैतवाल ने कहा कि यह डाली पूरे क्षेत्र की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। इस कौथिग में लोग दूर-दूर से यहां पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं। यहां केले का पेड़ उखाड़ना भी बहुत प्रसिद्ध है, जिसकी कहानी बहुत पुरानी और धार्मिक महत्व से जुड़ी है। देवता भी अपने आश्रम में विराजमान रहते हैं और भक्तजन इस ऐतिहासिक कौथिक का आनंद लेते हैं। उन्होंने कहा कि रिक्शाल डाली का यह कौथिग पूरे चौथान क्षेत्र की पहचान है। कहा कि डाली कौथिग का आयोजन 27 से 29 अगस्त तक चौथान रिक्शाल गांव में किया जायेगा।

### तीन दिन में हटाएं नदी/ नालों में अवैध अतिक्रमण

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : वर्तमान में मानसून सत्र के दौरान नदी-नालों पर सरकारी भूमि में किए गए अवैध अतिक्रमण के कारण जलभराव एवं बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने की संभावना बनी रहती है। इससे जनसामान्य के जीवन, कृषि तथा परिसम्पत्तियों को गंभीर क्षति पहुंचने का खतरा है। डीएम ने तीन दिन के अंदर नदी/नालों से अवैध अतिक्रमण हटाकर कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय को देने को कहा है। जनहित एवं आपदा प्रबंधन की दृष्टि से जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग प्रतीक जैन ने समस्त तहसीलों को निर्देशित किया कि प्रत्येक तहसील में तहसीलदार की अध्यक्षता में राजस्व विभाग, नगर पालिका/नगर पंचायत एवं सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम तत्काल गठित की जाए। गठित संयुक्त टीम द्वारा विशेष अभियान चलाकर तीन दिन के भीतर नियमानुसार नदी/नालों पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा की गई कार्यवाही का विस्तृत प्रतिवेदन फोटोग्राफ सहित जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध अतिक्रमण न केवल प्राकृतिक जल धाराओं के प्रवाह में बाधा उत्पन्न करते हैं बल्कि आपदा की स्थिति को और गंभीर बना देते हैं।

### भाजपा ने फूंका कांग्रेस का पुतला

चमोली : गैरसैंण में हुए विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस की ओर से किए गए आंदोलन के विरोध में जिला भाजपा संगठन ने गोपेश्वर नगर के तिराहे पर कांग्रेस का पुतला फूंका। पार्टी जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह बर्त्वाल के नेतृत्व में एकत्रित हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। अध्यक्ष गजपाल बर्त्वाल ने कहा कि कांग्रेस ने गैरसैंण विधानसभा सत्र में अमर्यादित व्यवहार कर लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या की है। जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सतेंद्र असवाल, वीरेंद्र रावत, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप रावत, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र सिंह रावत, विनोद कनवासी, उपेंद्र भंडारी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### बेरोकटोक घूम रहा देहरादून में करोड़ों की ठगी करने वाला दीपक मित्तल

देहरादून। दून में आवासीय परियोजना के नाम पर फ्लैट निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी कर दुबई फरार हुए पुष्पांजलि इंफ्राटेक कंपनी के मालिक बिल्डर दीपक मित्तल के मामले में एसआइटी जांच में चौंकाने वाली बात सामने आई है। जांच में पता चला है कि दीपक मित्तल ने प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश वानुआतु की नागरिकता प्राप्त कर ली है। उसने वहां से दीपक कुमार के नाम से पासपोर्ट बनवाया है और इसी पासपोर्ट पर वह भारत एवं अन्य देशों की यात्रा भी कर रहा है।"आइजी (गढ़वाल) राजीव स्वरूप ने बताया कि जांच में दीपक मित्तल का दीपक कुमार के नाम से वानुआतु का पासपोर्ट बनाने की जानकारी सामने आई है और इसकी सत्यता की पड़ताल कराई जा रही है।"

### केंद्रीय मंत्री से की लाखामंडल शिव मंदिर को विकसित करने की मांग

विकासनगर। चकराता ब्लॉक के लाखामंडल स्थित पौराणिक शिव मंदिर को मास्टर प्लान के तहत विकसित करने की मांग को लेकर मंदिर समिति के प्रतिनिधिमंडल ने संस्कृति मंत्री भारत सरकार गजेन्द्र सिंह शेखावत से भेंट कर इस ओर कार्यवाही की मांग की है। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुशील गौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय महासचिव, महिला मोर्चा भाजपा दीप्ति रावत भारद्वाज के नेतृत्व में संस्कृति मंत्री भारत सरकार से मिलकर उन्होंने ब्लॉक के लाखामण्डल में राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक प्रचीन शिव मंदिर को विकसित करने की मांग की है।

# पुल मरम्मत में लगेगा समय, कोटद्वार-दिल्ली के यात्री हो रहे परेशान


कोटद्वार में रोडवेज बस स्टैंड के बाहर खड़ी दिल्ली की ओर जाने वाली बस

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर व बिजनौर जनपद की सीमा पर बने गंगा बैराज की मरम्मत में लंबा समय लगना तय है। ऐसे में कोटद्वार से दिल्ली जाने वाले वाहनों को तीस किलोमीटर लंबा घूम कर ही जाना होगा। सबसे अधिक परेशानी कोटद्वार से मेरठ को जाने वाले यात्रियों को हो रही है। पुल की मरम्मत नहीं होने तक यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

सात अगस्त को मेरठ-पौड़ी हाईवे पर बने बिजनौर-मीरापुर के मध्य गंगा बैराज पुल पर एक्सपेंशन ज्वाइंट के बीच गैप आ गया था, जिसके बाद पुल पर वाहनों की आवाजाही को पूरी तरह बंद कर दिया गया। ऐसे में कोटद्वार से दिल्ली जाने वाले वाहनों को तीस किलोमीटर लंबा फेरा लगाना पड़ रहा है। करीब छह से सात घंटे में वाहन बिजनौर, चांदपुर हापुड़, डासना से होते हुए गाजियाबाद व दिल्ली पहुंच रहे हैं। लंबा फेरा होने के बाद परिवहन निगम ने किराए में चालीस रुपये की बढ़ोत्तरी भी कर दी थी। बीते शनिवार को ब्रिज एक्सपर्ट की टीम ने बैराज का मुआयना किया। जांच के बाद टीम ने मरम्मत में करीब 15 से बीस दिन का समय लगने की बात कही। ऐसे में कोटद्वार से दिल्ली सहित अन्य रूट पर सफर करने वाले यात्रियों की समस्या बढ़ सकती है।

**मेरठ के यात्रियों की बढ़ी मुश्किल**

बैराज में आई खराबी से सबसे अधिक परेशानी मेरठ के यात्रियों को उठानी पड़ रही है। दरअसल, पूर्व में कोटद्वार से जाने वाली बसें बिजनौर से मीरापुर, मवाना व मेरठ पहुंच जाती थी। लेकिन, वर्तमान में पुल में खराबी के कारण यात्रियों को बिजनौर से मेरठ जाने के लिए बस बदलनी पड़ रही हैं। यह बस चांदपुर, नूरपुर, अमरोहा, गजरोला, बृजघाट, गणमुक्तेश्वर, किठोर, हसनपुर होते हुए मेरठ पहुंच रही है। पूर्व में जहां मेरठ पहुंचने के लिए बिजनौर से दो घंटे लगते थे। वहीं, अब तीन से चार घंटे का समय लग रहा है।

## कहानी एक गांव की लघु फिल्म का विमोचन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : संदेश कला सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लघु फिल्म 'कहानी एक गांव की' का विमोचन किया गया। पदमपुर स्थित एक बारातघर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी व पूर्व महापौर हेमलता नेगी ने लघु फिल्म का विमोचन किया। फिल्म के निर्देशक संजय रावत ने बताया कि यह फिल्म गांव की सच्चाई व समाज की वास्तविक तस्वीर को दर्शाती है। कहा कि इस फिल्म में चर्चित व प्रतिभावान कलाकारों ने अभिनय किया है। पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि यह फिल्म गांव की जड़ों से जुड़े जीवन व सच्चाई को दर्शाती है। कहा कि निर्देशक संजय रावत ने लघु फिल्म के माध्यम से उत्तराखंड की वास्तविकता को बड़े ही जीवंत तरीके से पेश किया है। कहा कि यह फिल्म समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश देगी।

## काश्तकारों को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भावर क्षेत्र के अंतर्गत झंडीचौड़ स्थित वार्ड नंबर 37 में जिला उद्योग केंद्र की ओर से शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय जन व काश्तकारों को केंद्र व राज्य सरकार के माध्यम से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद सुखपाल शाह एवं जिला उद्योग के सहायक प्रबंधक देवेंद्र नाथ ने किया। जिला उद्योग के सहायक प्रबंधक देवेंद्र नाथ ने कहा कि वर्तमान में केंद्र व राज्य सरकार लोगों के लिए बहुत सारी योजनाएं चला रही है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना सहित कई योजनाओं में लोगों को रोजगार शुरू करने के लिए सब्सिडी दी जा रही है। कहा कि इस प्रकार की योजनाओं से लोग अपना व्यवसाय कर सकते हैं। इसके लिए मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, बैंक की स्वीकृति आवश्यक है। उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के प्रबंधक शैलेश मिश्रा ने कहा कि उद्यमियों के लिए बगैर गारंटी व एफडी लगाए ही बैंक दस लाख का सब्सिडी वाला ऋण दे रहा है। जिला पर्यटन अधिकारी मुकुल राठी ने कहा कि दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास, होम स्टे विकास योजना के तहत पर्यटक स्थलों के निकट लोग अपना पुराने व टूटे हुए घरों को बना सकते है, जिन्हें आकर्षक रूप से सजाकर वहां पर पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। ताकि लोगों को रोजगार के अवसर मिलें। पार्षद सुखपाल शाह ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास होम स्टे योजना को बंद कर दिया गया, जिससे नगर निगम क्षेत्र में आने वाले युवाओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। कहा कि इस योजना को नगर क्षेत्र में लागू किया जाए। इस मौके पर श्याम क्षेत्री, रश्मि भंडारी, पार्षद सीता देवी, पुष्पा शाह, कृष्ण चंद्र, परशुराम, चंद्रपाल शाह, हरि सिंह रावत, धर्मचंद बांसवाल, आलम सिंह, सरोज देवी, तनुजा देवी, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# रामलीला में श्रवण कुमार के मंचन ने मोहा मन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कल्पतरु बालिका रामलीला कमेटी की ओर से काशीरामपुर तल्ला में रामलीला मंचन का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिन श्रवण कुमार नाटक की प्रस्तुति दी गई, जिसमें श्रवण कुमार पर शब्दभेदी वाण लगने से उनकी जीवन लीला समाप्त हो जाती है।

रामलीला का कार्यक्रम का शुभारंभ डा. घनानंद शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम राम चंद्र के जीवन चरित्र को सदियों तक याद किया जाता रहेगा। उन्होंने लोगों से श्रीराम चंद्र के जीवन से प्रेरणा लेने का भी आग्रह किया।

कहा कि पहली बार इस क्षेत्र में महिलाओं के माध्यम से रामलीला मंचन किया जा रहा है, जो कि क्षेत्र के लिए गौरव की बात की बात है। प्रथम दिवस पर श्रवण कुमार नाटक का मंचन किया गया, जिसमें श्रवण कुमार अपने माता-पिता को तीर्थ घुमाने के लिए ले जाते हैं। रास्ते में एक जगह वे अपने प्यासे माता-पिता को पानी पिलाने के लिए रूकते है, जहां पर वे नदी में पानी भरते हैं। तभी बर्तन की आवाज सुन जंगल में शिकार करने आए राजा दशरथ किसी शिकार के होने के अंदेशा होने पर शब्दभेदी वाण चला देते है, जोकि सीधे श्रवण कुमार के सीने में लग जाता है, जिससे श्रवण कुमार अपने प्राण छोड़ देते है। इस दृश्य को देखकर श्रोताओं के आंखों में आंसू आ गए।

श्रवण कुमार नाटिका मंचन के बाद दशरथ के चारों पुत्रों का जन्म, उनके नामकरण किए जाने के दृश्यों को भी दिखाया गया। इस मौके पर आंचल कुमार अग्रवाल, राकेश राज, सतीश चंद्र सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## छात्र परिषद का गठन, वैष्णवी व अध्ययन बनें हेड

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : मोटाढांक तल्ला स्थित बलूनी पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद का गठन किया गया। इस दौरान वैष्णवी शर्मा को हेड गर्ल व अध्ययन रावत को हेड ब्वाय बनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया।

छात्र परिषद में वैष्णवी शर्मा को हेड गर्ल, अध्ययन रावत को हेड ब्वाय, अवनी को वाइस हेड गर्ल, नैतिक राणा को वाइस हेड ब्वाय बनाया गया। स्पोर्ट्स कैप्टन (गर्ल) श्रुति नेगी, स्पोर्ट्स कैप्टन (ब्वाय) प्रांजल रावत, कल्चरल एक्टिविटी कैप्टन (गर्ल) सृष्टि नेगी, कल्चरल एक्टिविटी कैप्टन (ब्वाय) अभिषेक कंडारी, डिसिप्लिन कैप्टन (गर्ल) अनन्या नेगी, डिसिप्लिन कैप्टन (ब्वाय) अक्षत बिष्ट, डिसिप्लिन वाइस कैप्टन (गर्ल) आरुषि नेगी को बनाया गया। साथ ही डिसिप्लिन वाइस कैप्टन (ब्वाय) श्रेय भारद्वाज को बनाया गया। चारों सदनों में रेड हाउस कैप्टन प्रेरणा मैंदोला, वाइस कैप्टन आदित्य डबराल, ब्लू हाउस कैप्टन अक्षित थलेड़ी व वाइस कैप्टन अरविंद जखमोला, यलो हाउस कैप्टन त्रिभुवन राज व वाइस कैप्टन सुरुचि खत्री और ग्रीन हाउस कैप्टन आयुष भट्ट व वाइस कैप्टन दिशा को बनाया गया। इस मौके पर मन्दीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाजपा ने फूंका कांग्रेस विधायकों का पुतला

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : गैरसैंण में हुए विधानसभा सत्र के दौरान अमर्यादित अचारण का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस विधायकों का पुतला दहन किया। कहा कि वर्तमान में आपदा से निपटने के लिए कांग्रेस को सरकार का सहयोग करना चाहिए। लेकिन, वह अमर्यादित आचरण कर विधानसभा सत्र में व्यवधान पैदल कर रहे हैं।

शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने झंडाचौक में पुतला दहन किया। वक्ताओं ने कहा कि गैरसैंण में विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों ने जिस तरह का अमर्यादित आचरण प्रदर्शित किया वह लोकतंत्र की हत्या है।


कोटद्वार के झंडाचौक में कांग्रेस विधायकों का पुतला दहन करते भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी

कहा कि राज्य सरकार ने उत्तराखंड की जनभावनाओं के अनुरूप गैरसैंण में विधानसभा सत्र आयोजित किया। लेकिन, कांग्रेस विधायकों ने जनहित के मुद्दों और विकास से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा करने के बजाय अमर्यादित आचरण से विधानसभा सत्र में विघ्न पैद किया।

कहा कि कांग्रेस विधायकों को हंगामा करने के बजाय आपदा के इस क्षण में सरकार के साथ कांधे से कांधा मिलाकर चलना चाहिए। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, जिला मंत्री विजयानंद पोखरियाल, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, प्रेमा खंतवाल, सौरव नौडियाल, जयप्रकाश ध्यानी, प्रवेंद्र रावत, उमेश त्रिपाठी, नीरूबाला खंतवाल, रजनीश बेबनी, ऋतु चमोली, जंग बहादुर सिंह, जयप्रकाश सुंद्रियाल, उम्मेद सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र का विकास नहीं होने पर संगठन ने जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शहर का बेहतर विकास नहीं होने पर गौरव सैनिक पैराशूट रेजिमेंट स्पेशन फोर्स संगठन ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि सरकार को कोटद्वार के विकास के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

संगठन की ओर से लालपुर क्षेत्र में बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार के विकास को लेकर जनप्रतिनिधि लापरवाह बने हुए हैं। मोटर नगर में आधुनिक बस अड्डे के नाम पर केवल एक गड्ढा ही नजर आ रहा है। लगातार आश्वासन के बाद भी लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग का निर्माण नहीं हो पाया। क्षेत्रीय जनता लगातार कोटद्वार को जिला बनाने की मांग उठा रही हैं। लेकिन, अब तक कोटद्वार जिला नहीं बन पाया है।



आयोजित बैठक में भाग लेते संगठन के सदस्य

कण्वाश्रम के विकास को लेकर भी गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। विकास के नाम पर केवल जनता को गुमराह किया जा रहा है। कोटद्वार में स्वास्थ्य व्यवस्था भी लगातार बिगड़ती जा रही है। बेस अस्पताल केवल रेफर सेंटर बनकर रह गया है। इस मौके पर अध्यक्ष गजराज सिंह नेगी, सचिव बलवान सिह रावत, संरक्षक सोहन सिंह गुसाईं, कोषाध्यक्ष अनूप ध्यानी, चन्द्र शेखर चौहान, महेन्द्र सिंह रावत, गोपाल नेगी, बिजेंद्र सिंह रावत, डबल सिंह असवाल, नरेंद्र सिंह गुसाईं, उपेन्द्र सिंह रावत, जसपाल सिंह रावत, पुष्कर सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।

## जन्मदिन पर किया रक्तदान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सौरभ गोदियाल ने अपने जन्मदिवस पर रक्तदान किया। इस दौरान उन्होंने पौधा रोपण करते हुए लोगों को पर्यावरण के प्रति भी जागरूक किया।

जन्मदिन पर सौरभ गोदियाल व मंच के सदस्यों ने सबसे पहले सिम्मलचौड़ स्थित एक विद्यालय में रूद्राक्ष, चंदन, जामुन, आंवला, पीपल आदि पौधों का रोपण किया। इसके उपरांत उन्होंने बेस अस्पताल में पहुंच कर रक्तदान किया। सौरभ गोदियाल ने बताया कि वह प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन पर रक्तदान करते हैं। इस मौके पर जिला सह संयोजक अनूप ध्यानी, प्रीतम नेगी, तरूण जदली, हिमांशु बिष्ट, संदीप डोबरियाल, कपिल राज, गौरव बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## कोटद्वार, लैंसडौन व चौबट्टाखाल क्षेत्र के विकास की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नागरिक मंच ने कोटद्वार, लैंसडौन व चौबट्टाखाल क्षेत्र के बेहतर विकास की मांग उठाई है। कहा कि पर्यटन स्थलों को बेहतर तरीके से विकसित किया जाना चाहिए।

इस दौरान पहाड़ में सड़कों का चौड़ीकरण, सैनिक स्कूल खोले जाने, नेशनल स्कूल आफ ला खुलवाए जाने, नयार नदी से पंपिग योजना बनाए जाने व नार्थ कार्बेट रिजोर्ट व कार्बेट टाइगर रिजर्व सहित अन्य मांगें उठाई गई।

नागरिक मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी व सचिव अतुल भट्ट ने सभी जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कोटद्वार में बुद्धा पार्क-डिग्री कालेज-मवाकोट-कण्वाश्रम मोटर मार्ग के चौड़ीकरण किए जाने की मांग की है। कहा कि मवाकोट-कलालघाटी के बीच में नदी पर पुल का निर्माण भी हो। लैंसडौन पर्यटक स्थल को जाने वाले फतेहपुर-लैंसडौन मोटर मार्ग को वन वे किए जाने, कोटद्वार-दुगड्डा मोटर मार्ग का चौड़ीकरण किए जाने की मांग की है।

इसके अलावा लैसडौन, द्वारीखाल, चेलूसैंण क्षेत्र जहां भी संभव हो, वहां पर प्रथम सीडीएस विपिन रावत के नाम पर सैनिक स्कूल की स्थापना किए जाने, ज्वाल्पा धाम मंदिर का जीर्णोद्धार किए जाने, जयहरीखाल के खेल मैदान की मरम्मत किए जाने क्षेत्र के पैदल ट्रैकों की मरम्मत किए जाने की मांग की है।

# वर्ड इंटरपिनियोर्स डे पर छात्रों ने दिए नए नवाचार के आइडिया

### प्रतियोगिता में सौरभ, अंकित और वैदेही ने किया अव्वल प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज आईएचएमएस कॉलेज में वर्ड इंटरपिनियोर्स डे मनाया गया। आईआईसी के तत्वावधान में नवाचार में नए आइडिया विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित कालेज के सभागार में आयोजित समारोह का डिजिटल क्रेव हैंडीक्राफ्ट उद्योग कोटद्वार के निदेशक शैवाल रावत ने बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को नवाचार और स्टार्टअप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि एक आइडिया युवाओं के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। पहले आइडिया और उसके बाद उस पर लगन के साथ मेहनत करने पर सफलता अवश्य मिलती है। कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार युवाओं को उनके आधुनिक और चमत्कारी नवाचार को बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार से आर्थिक सहायता कर रही है।




देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए अविष्कारों को मेक इन इंडिया अभियान के तहत बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नए नवाचार से आज बड़ी कंपनी खड़ा करने वाले कई नामी युवा उद्योगपतियों के उदाहरण दिए। इस दौरान उन्होंने नवाचार को लेकर छात्र-छात्राओं के द्वारा पूछे गए सवालों का बेहतरीन तरीके जवाव देकर उनकी जिज्ञासा शांत की। साथ ही छात्रों को समाज के हित में नए नवाचार करने की अपील की। इस अवसर पर नवाचार आइडिया में आयोजित प्रतियोगिता में निर्णायकों द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर बीबीए कोर्स के छात्र सौरभ रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वैदेही डोगरा ने द्वितीय और अंकित रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कालेज के प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा ने प्रमाणपत्र देकर विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, आईआईसी संयोजक असिस्टेंट प्रो. वेद प्रकाश राठौर, जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रो. सुरेंद्र जगवान, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रो. अनुराग सेमवाल, होटल मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रो. वीरेंद्र आर्य, आईक्यूएसई समन्वयक असिस्टेंट प्रो. प्रवीन त्रिपाठी सहित सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।

# चारधाम की राह पर बढ़ता आत्मनिर्भरता का कारवां

### ग्रामीण महिलाएं बनीं उद्यमिता की मिसाल

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : उत्तराखंड का रुद्रप्रयाग जनपद, जो चारधाम यात्रा के प्रमुख पड़ावों में से एक है, आज महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक आत्मनिर्भरता का एक प्रेरणास्पद उदाहरण बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही ग्रामोत्थान परियोजना के तहत, यहां की महिलाएं अब केवल घर तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि स्वरोजगार और उद्यमिता की राह पर मजबूती से कदम बढ़ा रही हैं।

रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि विकासखंड में संचालित चंदन गनग आजीविका स्वायत सहकारिता के अंतर्गत गठित ईष्ट घड़ियाल उत्पादक समूह ने इस दिशा में एक नई शुरुआत की है। इस समूह से जुड़ी महिलाओं ने सामूहिक प्रयासों से कंप्यूटराइज्ड मशीनों की सहायता से चारधाम यात्रा से संबंधित सुंदर सुविनियर आइटम्स (जैसे केदारनाथ और बद्रीनाथ की प्रतिकृतियां) का निर्माण शुरू किया है। जिन्हें यात्रा पर आए तीर्थ यात्री काफी पसंद कर रहे है इसी का परिणाम है की अभी तक इन महिलाओं द्वारा बनाये गए सुविनियर आइटम्स की ऑनलाइन ओर आफलाइन बिक्री के माध्यम से 8 लाख की आमदनी प्राप्त हुई है। इनकी गुणवत्ता और भावनात्मक जुड़ाव को देखते हुए, इन उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। महिलाएं न केवल स्थानीय बाजार में इन्हें बेच रही हैं, बल्कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से देशभर में इनकी बिक्री कर रही हैं। समूह से जुड़ी श्रीमती सोनी देवी ने बताया कि इस वर्ष की यात्रा सीजन में समूह द्वारा सुविनियर आइटम्स की बिक्री से 8 लाख रुपये से अधिक की आमदनी अर्जित की है। यह न केवल आर्थिक रूप से एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम भी है। इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि यदि सही मार्गदर्शन, संसाधन और अवसर मिलें, तो ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं भी बड़े आर्थिक बदलाव ला सकती हैं। यह मॉडल न केवल रुद्रप्रयाग के लिए बल्कि पूरे उत्तराखंड और देशभर के पर्वतीय क्षेत्रों के लिए एक प्रेरणा बन सकता है।

# बाप की करतूत से घर छोड़कर भागी तीन बेटियां, दिल्ली से सकुशल बरामद

विकासनगर। थाना सेलाकुई की एक बस्ती से तीन किशोरियां महज इस बात पर नाराज होकर घर से कहीं चली कि एक को उसका पिता दारु पीकर पीटता है, दूसरी पर उसका पिता मोबाइल फोन चोरी करने का आरोप लगाता है। इसी से क्षुब्ध होकर घर से गयी तीनों किशोरियों को पुलिस ने एनसीआर दिल्ली से सकुशल बरामद कर लिया। तीनों की वृंदावन जाने की योजना थी। पुलिस ने स्वजन के सुपुर्द कर उनके चेहरे खिला दिए। थाना सेलाकुई में एक महिला ने गुरुवार की देर सायं दी तहरीर में कहा था कि उसकी पंद्रह साल की पुत्री अपनी 18 साल की सहेली व 12 साल की सहेली के साथ घर से बिना बताए 20 अगस्त को कहीं चली गयी हैं। जिनको स्वजनों ने काफी तलाश किया, नाते रिश्तेदारी में भी पता किया, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने तीन किशोरियों के लापता होने के मामले में अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पर थानाध्यक्ष पीडी भटट ने लापता किशोरियों को तलाश करने के लिए पुलिस टीम बनाई। क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर पुलिस को कुछ सुराग हाथ लगे। मैनुवल पुलिसिंग अन्तर्गत सुरागरसी करते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। सर्विलांस व सोशल मीडिया मानिटरिंग की सहायता से भी आवश्यक जानकारियां एकत्रित की गई। पुलिस टीम द्वारा किए गए प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने शुक्रवार को तीनों नाबालिग लड़कियों को आनंद विहार दिल्ली क्षेत्र से सकुशल बरामद किया।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट B 7024929 में मेरे पति का नाम विनोद सिंह (Vinod Singh) दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में मेरे पति का नाम विनोद कैन्त्यूरा (Vinod Kaintura) है। विनोद सिंह व विनोद कैन्त्यूरा एक ही व्यक्ति हैं।

**पूजा देवी पत्नी विनोद कैन्त्यूरा, निवासी बडोला गली, काशीरामपुर मल्ला, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड, पिन कोड -246149।**

## उत्तर रेलवे

### नोटिस

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे, मुरादाबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुरादाबाद मण्डल के निम्नलिखित हाल्ट स्टेशन पर टिकिट बुकिंग अभिकर्ता की नियुक्ति किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र आमंत्रित किये जाने है।

| क्रम सं | हाल्ट का नाम | (Depot)सेवित स्टेशन | किन–किन स्टेशन के बीच |
|---|---|---|---|
| 1. | फरहतनगर हाल्ट | बालामऊ | माधौगंज – मल्लावाँ |
| 2. | नेरी | सीतापुर | माहौली, मैकलगंज |
| 3. | कस्तकलां कास्माबाद | हापुड | हापुड़, पिलखुआ |
| 4. | आध्यामिक नगर | हापुड | डासना, महरौली |
| 5. | चदंसारा | हापुड | खरखौदा, नूरनगर |
| 6. | सिरसी मखदूमपुर | सम्भल हातिमसराय | सम्भल हातिमसराय, हजरत नगर |
| 7. | बहादुरपुर | शाहजहाँपुर | बन्थरा, तिलहर |

सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन दिनांक 12.09.2025 को 10.00 बजे से 15.00 बजे तक सहायक वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय मण्डल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कमरे में रखे हुये बॉक्स में डाले जायेगे तथा 14.00 बजे के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा, एवं उसी दिन 16.00 खोले जायेगे। उसी तिथि में 12.09.2025 बजे आवेदनकर्ता या उनके प्रतिनिधियों के सामने आवेदक खोलें जायेगें। यदि दिनांक 12.09.2025 को कोई अवकाश होता है। तो आवेदन अगले कार्य दिवस में यथा समय डाले व खोले जायेंगे। आवेदन पत्र पात्रता, नियम व शर्तो का पूर्ण विवरण उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.nr.indianrailways.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है या मण्डल रेल प्रबंधक वाणिज्य शाखा से जानकारी ली जा सकती है विलम्ब से प्राप्त हुए आवेदन–पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**अधिसूचना सं.20/हाल्ट ठेका आवंटन/मुरादाबाद मण्डल/2019 सी**
**दिनांक 22.08.2025** 2560/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 139-DRM-MB-25-26 dt. 22.08.2025 | 143-DRM-MB-25-26 dt. 22.08.2025 |
|---|---|---|
| Name of Work | TRR(P) of 29.483 Tkm and other allied works in (BE-CH), (CH-HGJ) and any other location under Sr. DEN/HQ/MB. | Renewal of Turn out and associated works under ADEN/ HQ/MB. |
| Tender Closing Date, Time | 15.09.2025 | 15.09.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | 2,71,31,383.99 | 4,00,51,615.85 |
| Earnest Money (Rs.) | 2,85,700.00 | 3,50,300.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 0.00 | 0.00 |
| Bidding Start Date | 01.09.2025 | 01.09.2025 |
| Period of Completion | 06 Months | 06 Months |

पत्रांक: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 22.08.2025 2569/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें : एसएसपी





## सीसीटीएनएस के अन्तर्गत भरे जाने वाले फॉर्म व डाटा अपडेट रखें

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शुक्रवार को पुलिस लाइन पौड़ी में माह मई की मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने 'ड्रंक एण्ड ड्राइव' एवं नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर उनके अभिभावकों के विरूद्ध और अधिक प्रभावी रूप से कार्यवाही करने, साईबर ठगी, चोरी एवं महिला अपराध से सम्बन्धित अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने के साथ ही बेहतर रूप से साक्ष्य संकलन की कार्यवाही कर शीघ्र नियमानुसार निस्तारण करने को कहा। बैठक में एसएसपी ने कहा कि जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विशेष रूप से किराएदारों, मजदूरों, घरेलू सहायकों, हॉस्टल/पीजी में रहने वाले विद्यार्थियों का ऑनलाइन सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को सीसीटीएनएस सहित सभी ऑनलाइन पोर्टलों पर सूचनाओं को फीड करने के अलावा उन्हें अपडेट करने को कहा। एसएसपी ने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के अलावा सभी शिकायतकर्ताओं से सभी थाना प्रभारी स्वयं बात करें व शिकायतकर्ताओं से शिकायतों के सम्बन्ध में फीडबैक लेना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत शराब के नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध वाहन सीज, चालान एवं ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही प्राथमिकता से की जाए। नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने की स्थिति में उनके अभिभावकों/वाहन स्वामियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संचार अनूप काला, क्षेत्राधिकारी श्रीनगर अनुज कुमार, क्षेत्राधिकारी कोटद्वार श्रीमती निहारिका सेमवाल, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन तुषार बोरा, पुलिस उपाधीक्षक सदर त्रिवेन्द्र सिंह राणा, अभियोजन अधिकारी श्रीमती वर्षा सहित समस्त थाना एवं शाखा प्रभारी आदि मौजूद रहे।

## सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों को किया सम्मानित

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने जुलाई माह में आयोजित महत्वपूर्ण कांवड़ यात्रा एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जैसे अति संवेदनशील आयोजनों को सकुशल सम्पन्न कराने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 81 कार्मिकों सहित माह जुलाई में सराहनीय कार्य करने वाले 15 पुलिस कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। एसएसपी ने कहा कि कांवड़ यात्रा में लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन की चुनौती को पुलिस बल ने धैर्य, अनुशासन एवं सेवा भाव से निभाते हुए यात्रा को पूर्णतः शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निष्पक्ष, भयमुक्त एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने में समस्त पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को बड़ी सौगात

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के चिकित्सकों को बड़ी राहत और सौगात दी है। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के चिकित्साधिकारियों को अब एसडी एसीपी का लाभ प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हमारे डॉक्टर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर पहाड़ की कठिन परिस्थितियों में भी चिकित्सक पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। उनके हितों का ध्यान रखना हमारी प्राथमिकता है। एसीपी का लाभ मिलने से चिकित्सकों को न केवल आर्थिक मजबूती मिलेगी बल्कि सेवा के प्रति और अधिक समर्पण की भावना भी बढ़ेगी। सरकार हमेशा अपने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ खड़ी है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के आदेशानुसार प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के चिकित्साधिकारियों को एसीपी का लाभ शासनादेश संख्या 654 (14.07.2016) तथा शासनादेश संख्या 154 (04.02.2019) में निहित प्रावधानों के तहत प्रदान किया जाएगा। स्क्रीनिंग कमेटी की संस्तुति के आधार पर इस लाभ की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कुल 196 पदों का विवरण इस प्रकार है। लेवल 11 में 70 पद स्वीकृत हैं जिनका ग्रेड पे 5400 है। लेवल 12 में 56 पद हैं जिनका ग्रेड पे 6600 निर्धारित है। लेवल 13 में दो श्रेणियां हैं, जिनमें 27 पद 7600 ग्रेड पे तथा 43 पद 8700 ग्रेड पे वाले हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर सभी स्तरों को मिलाकर 196 पद बनते हैं। इस फैसले से बड़ी संख्या में चिकित्साधिकारियों को लाभ मिलेगा और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

### एम्स में हुआ नर्सिंग अधिकारियों हेतु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

ऋषिकेश। एम्स में नर्सिंग अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि मेडिको लीगल मामलों में गोपनीयता का पालन करना बहुत जरूरी है। कहा गया कि नर्सिंग देखभाल के दौरान रोगी के अपर्याप्त दस्तावेज रखने से कानूनी प्रक्रिया जटिल हो सकती है। एम्स ऋषिकेश में नर्सिंग अधिकारियों के ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए नियमित स्तर पर सतत नर्सिंग शिक्षा कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को आयोजित कॉन्टिन्यूअस नर्सिंग एजुकेशन (सीएनई) कार्यक्रम के दौरान रोगी देखभाल के क्षेत्र में मेडिको लीगल मामलों (एमएलसी केस) को संभालने के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गईं। संस्थान के विधि अधिकारी प्रदीप चंद्र पांडेय ने एमएलसी मामलों में उपचार के दौरान रोगी के सटीक दस्तावेजीकरण पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि रोगी की गोपनीयता बनाए रखना, केस से संबंधित कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करना और पुलिस का सहयोग करना प्रत्येक नर्सिंग अधिकारी का कर्तव्य है।

### उप जिला अस्पताल को नई एंबुलेंस भेंट की

विकासनगर। ओएनजीसी और जनकल्याण ट्रस्ट के सहयोग से उप जिला अस्पताल विकासनगर को एंबुलेंस भेंट की गई। शुक्रवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने अस्पताल प्रबंधन को एंबुलेंस की चाबी सौंपते हुए इसे मरीजों की सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल क्षेत्र का सबसे बड़ा स्वास्थ्य केंद्र है। एंबुलेंस सेवा उपलब्ध होने से मरीजों को आपात स्थिति में त्वरित उपचार का लाभ मिलेगा।

# बेनतीजा साबित हो रही रिवर्स पलायन के जरिये गांवों में पलायन रोकने की मुहिम

देहरादून । जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन रुका या नहीं इसका आंकडें विभाग के पास नहीं हैं। ऐसे में दूसरे प्रदेशों में गए और अपने गांव को छोड़कर राज्य के अन्य शहरों से वापस अपने गांव-घर लौटने वाले लोगों का के बारे में अधिकारियों को जानकारी नहीं है।

ऐसे में रिवर्स पलायन के जरिये गांवों में पलायन रोकने की मुहिम बेनतीजा साबित हो रही है। प्रदेश में पलायन आयोग ने वर्ष 2018 से 2022 तक गांवों में सर्वे के जरिये विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को सौंपेते हुए खुलासा किया कि पहाड़ी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि देहरादून भी पलायन की मार झेल रहा है। वहीं, रिपोर्ट में पलायन की मुख्य वजह बुनियादी सुविधाओं का अभाव, स्वास्थ्य, शिक्षा ,बेरोजगारी व रोजगार उपलब्ध नहीं होना गिनाया गया।रिपोर्ट में बताया गया था कि दून में पिछले 10 सालों में 25,781 अस्थायी तौर और 2,802 व्यक्ति स्थायी रूप से अपना ठिकाना छोड़ कर चले गए हैं। विकासखंड कालसी की 107 पंचायतों में सबसे अधिक 11,399 व्यक्तियों और सबसे कम सहसपुर की चार ग्राम पंचायतों में 144, विकासनगर की 26 पंचायतों में 7,397 व्यक्तियों ने रोजागर, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में अपने नजदीक के शहर और कस्बों में अस्थायी पलायन किया।

## देहरादून में लगातार सामने आ रहे हरपीज जास्टर आफ्थैल्मिकस से पीड़ित मरीज

देहरादून। दून मेडिकल कालेज चिकित्सालय की नेत्र रोग ओपीडी में इन दिनों हरपीज जास्टर आफ्थैल्मिकस से पीड़ित मरीज लगातार सामने आ रहे हैं। यह संक्रमण शिंगल्स का ही गंभीर रूप है, जिसमें वायरस आंख की नसों पर हमला करता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते इलाज न किया जाए तो मरीज की आंख की रोशनी तक जा सकती है। नेत्र रोग विभाग के प्रोफेसर डा. सुशील ओझा ने बताया कि यह बीमारी शुरुआत में माथे, पलकों और नाक के ऊपरी हिस्से पर दर्दनाक फफोलों के रूप में दिखती है। बाद में यह संक्रमण आंख तक पहुंचकर लालिमा, कार्निया में सूजन, घाव और धुंधलापन पैदा करता है। नाक की नोक पर दाने निकलना कार्निया प्रभावित होने का संकेत माना जाता है।

# जितेंद्र कुमार मामले में अंतिम संस्कार से पहले बवाल

## परिजनों ने किया चक्का जाम, आरोपी को फांसी दिलाने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड के श्रीनगर में जितेंद्र आत्महत्या मामले में परिजनों और स्थानीय लोगों ने कीर्तिनगर में चक्का जाम किया। मुख्य आरोपी भाजपा नेता हिमांशु चमोली को फांसी की मांग की जा रही है। मृतक ने आत्महत्या से पहले अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो वायरल किया था।

इस वीडियो के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी हिमांशु चमोली सहित पांच अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। परिजनों का कहना है कि जब तक मुख्य आरोपी को सजा नहीं मिलती या उसे उनके हवाले नहीं किया जाता, तब तक वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

उत्तराखंड के पौड़ी के तलसारी गांव के 32 वर्षीय जितेंद्र कुमार ने बीते गुरुवार को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। शुक्रवार को जितेंद्र का शव अंतिम संस्कार के लिए तलसारी से बिलकेदार स्थित पैतृक घाट लाया गया। इस दौरान परिजनों और स्थानीय लोगों ने कीर्तिनगर पुल के छोर पर बद्रीनाथ राजमार्ग पर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी मुख्य आरोपी बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री हिमांशु चमोली को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे हैं। चक्का जाम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों का कहना था कि भाजपा शासन में जघन्य अपराध चरम पर हैं। उन्होंने अंकिता हत्याकांड और जितेंद्र आत्महत्या मामले में भाजपा नेताओं की संलिप्तता पर सवाल उठाए। घटना स्थल पर पहुंची उपजिलाधिकारी नुपूर वर्मा ने परिजनों को समझाने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी हिमांशु चमोली को सौंपने या फांसी की सजा सुनिश्चित करने की मांग पर अड़े रहे। पुलिस उपाधीक्षक अनुज कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी और कीर्तिनगर पुलिस मौके पर मौजूद रही। पुलिस और प्रशासन यातायात को सुचारु रखने और भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश में जुटा रहा, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांग पर लिखित आश्वासन की मांग पर डटे रहे। (एजेंसी)

## जितेन्द्र की बहन ने लगाया आरोप

जितेंद्र की बहन पूनम ने बताया कि हिमांशु चमोली उनके भाई को लगातार प्रताड़ित करता था, जिसके कारण वह मानसिक रूप से परेशान था। उन्होंने कहा कि ह्यमैंने अपने भाई को खोया है, मुझे उसके लिए इंसाफ चाहिए.ह्ल पूनम ने यह भी बताया कि जितेंद्र ने गिरगांव में डंपिंग कूड़े को लेकर लड़ाई लड़ी थी, लेकिन कुछ लोगों ने उस पर झूठा मुकदमा दर्ज करवाया, जिसके बाद से वह और अधिक तनाव में था। गुरुवार को जितेंद्र ने पेट्रोल भराने के लिए पैसे भेजने को लेकर आखिरी कॉल किया था, जिसके बाद वह दो दोस्तों के साथ गांव की ओर निकल गया और आत्महत्या कर ली।

# स्यानाचट्टी में बनी कृत्रिम झील को खोलने के प्रयास जारी

## स्थानीय लोग धैर्य बनाएं रखें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : स्यानाचट्टी में बनी कृत्रिम झील को खोलने के प्रयास निरंतर जारी हैं। झील के एक हिस्से को खोलने के लिए पीडब्ल्यूडी, एसडीआरएफ, सिंचाई विभाग और अन्य सम्बंधित एजेंसियां जुटी हैं। पिछले एक घंटे में झील के जलस्तर में लगभग 2 फीट तक कमी आई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन को स्यानाचट्टी में बनी झील से जल निकासी हेतु जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए चैनेलाइजेशन करने के लिए समुचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी तथा सभी एहतियाती कदम उठाने को कहा है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षित स्थानों में ठहराए गए लोगों के साथ ही स्यानाचट्टी के निवासियों के लिए भोजन, रसोई गैस, दवाइयों के साथ ही पेट्रोल व डीजल तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि वर्तमान में नदी के एक हिस्से से पानी की निकासी हो रही है। दलदल होने के कारण चैनेलाइजेशन करना अभी संभव नहीं हो पाया है। राहत और बचाव दलों द्वारा अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों से धैर्य बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ, एनडीआरफ, फायर तथा सिंचाई विभाग की टीम राफ्ट के जरिए ग्राउंड जीरो पर पहुंच गई हैं। वहीं, यमुना वैली के स्यानाचट्टी में मलबा आने से निर्मित झील को जल्द से जल्द खोलने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, आपदा प्रबंधन, पीडब्ल्यूडी की टीमें मौके पर हैं। पूरे क्षेत्र की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। यमुनोत्री के विधायक संजय डोभाल, उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य स्वयं मौके पर मौजूद हैं।

## दो दिवसीय कराटे प्रशिक्षण का होगा आयोजन

ऋषिकेश। उत्तराखंड कराटे एकेडमी में दो दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों का बेल्ट टेस्ट भी लिया जाएगा। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। एकेडमी के सचिव राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि दो दिवसीय विशेष शिविर में ऋषिकेश क्षेत्र के 200 से अधिक कराटे खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान खिलाड़ियों को कराटे की विभिन्न तकनीकों का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही बेल्ट टेस्ट (ग्रेडिंग परीक्षा) भी आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण शिविर खिलाड़ियों के मानसिक व शारीरिक विकास के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा। शनिवार को शिविर अपराह्न तीन से शाम सात बजे तक व रविवार को सुबह सात से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा।

# शिविर में पर्यावरण मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की



**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : नगर पंचायत थलीसैंण में शुक्रवार को स्वास्थ्य आरोहरण योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पर्यावरण मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस मौके पर पर्यावरण मित्रों को स्वास्थ्य किट वितरित की गई।

नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वीरा देवी की उपस्थिति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उन्हें गम्भीर व संक्रामक रोगों की जानकारी दी गई। साथ ही स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया। अधिशासी अधिकारी दीपक प्रताप ने बताया कि पर्यावरण मित्रों व परिवारों की नियमित जांच के लिए शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्वयं सेवी श्रीमती अमिता देवी ने सुरक्षित जीवन सुरक्षित दवाईयों के प्रति नशीले पदार्थों के दुष्परिणाम एवं नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर नगर पंचायत थलीसैंण के ब्रांड एम्बेस्डर डॉ. सतेन्द्र सेमवाल सहित नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम तिवारी ने हितधारकों से की सकारात्मक वार्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**



चमोली : बद्रीश संघर्ष समिति के प्रस्तुत ज्ञापन के संबंध में स्थानीय जनता द्वारा उठाई जा रही मांगों को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने विभिन्न हितधारकों के साथ उपजिलाधिकारी कार्यालय ज्योतिर्मठ में बैठक कर सकारात्मक वार्ता की।

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर इस विषय पर आगामी 29 अगस्त को सचिवालय देहरादून में प्रमुख सचिव आवास के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी सम्बंधित हितधारक सम्मिलित होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी बैठक में सभी पक्षों की मांगों व सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रस्तुत ज्ञापन पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन की मंशा सभी पक्षों को विश्वास में लेकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की है। जिलाधिकारी ने कहा कि बद्रीश संघर्ष समिति द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन के सभी पक्षों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए विचार विमर्श किया जायेगा, ताकि विकास कार्य जनहित और स्थानीय हितों के अनुरूप हो। बैठक में शामिल बद्रीश संघर्ष समिति के लोग और हितधारक प्रवीन ध्यानी, पीताम्बर मोल्फा और होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश मेहता ने भी संवाद को सकारात्मक बताया। कहा कि 29 अगस्त की बैठक में वे अपनी बात शासन के समक्ष विस्तार से रखेंगे। इस मौके पर उप जिलाधिकारी ज्योर्तिमठ चंद्रशेखर वशिष्ठ, जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़, पीआईयू के अधिशासी अभियंता योगेश मंडराल, प्रोजेक्ट मैनेजर आईएनआई आशीष सती उपस्थित रहें।

# एनएचआईडीसीएल हाईवे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें : सीडीओ



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी ने बदरीनाथ हाईवे पर एनएचआईडीसीएल की ओर से किए जा रहे सुधारीकरण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों को हाईवे सुधारीकरण को लेकर तेजी से कार्य करने और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों को मैठाणा में हो रहे भूधंसाव का शीघ्र सुधारीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाईवे के क्षतिग्रस्त हिस्से पर यातायात को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के सभी इंतजाम शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हाईवे के क्षतिग्रस्त हिस्सों के पूर्व हाईवे पर साइनेज लगवाने और वाहनों की सुचारू आवाजाही के लिए पुलिस के जवानों के साथ एनएचआईडीसीएल के कर्मचारियों की तैनाती करने के भी निर्देश दिए।

# जिला जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हो रहे कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण होनी चाहिए। इसके लिए ग्राम सभाओं में प्रमाणन कराया जाए तथा महिलाओं एवं स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जल गुणवत्ता परीक्षण, प्रयोगशालाओं की उपलब्धता, जल स्त्रोतों की स्थिरता, और ग्राम स्तर पर आई.ई.सी. (सूचना, शिक्षा और संचार) गतिविधियों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि "हर घर जल" का प्रमाणीकरण वास्तविक स्थिति के आधार पर होना चाहिए। यदि कहीं समस्या हो तो उसे तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम का प्रमाणीकरण समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए और मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

## भाजपा ने लगाया कांग्रेस विधायकों पर अमर्यादित व्यवहार का आरोप

विकासनगर। मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों पर अमर्यादित व्यवहार और लोकतंत्र विरोधी कृत्य करने का आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरबर्टपुर चौक पर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि कांग्रेस विधायक मानसून सत्र में जनता की समस्याओं को उठाने के बजाय पिकनिक मनाने गए थे, जिन्होंने विधान सभा भवन को रात में सोने का अड्डा बना दिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष मीता सिंह ने कहा कि सत्र के दौरान जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने के बजाय कांग्रेसी विधायकों को ब्रांडेड कंबल लेकर सदन के अंदर खर्राटे लेते हुए पूरे प्रदेश की जनता ने देखा है। सदन को नहीं चलने देना जनता के टैक्स के पैसों की बर्बादी करना है।

# एनएचआईडीसीएल ने शुरू किया मैठाणा भू-धंसाव क्षेत्र का सुधारीकरण कार्य

## एसडीएम ने सुधारीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि।**



चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडेय ने बदरीनाथ हाईवे पर मैठाणा भू-धंसाव क्षेत्र में किए जा रहे सुधारीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों को शीघ्र हाईवे को सुचारू करने के निर्देश दिए।

उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडेय ने बताया कि एनएचआईडीसीएल की ओर से मैठाणा में बदरीनाथ हाईवे के मैठाणा में क्षतिग्रस्त हिस्से का सुधारीकरण कार्य शुरु कर दिया गया है। यहां एनएचआईडीसीएल की ओर से दो चरणों में हाईवे का सुधारीकरण कार्य करने की योजना बनाई गई है। जिसके तहत प्रथम चरण में हाईवे के हिल साइड का सुधारीकरण कर यातायात को सुचारू किया जाएगा। जबकि द्वितीय चरण में नदी का जलस्तर कम होने पर अलकनंदा नदी तट का सुधारीकरण कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनएचआईडीसीएल को शीघ्र हाईवे को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ताकि हाईवे पर वाहनों का सुचारू यातायात का संचालन किया जा सके। साथ ही उन्होंने एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों हाईवे के क्षतिग्रस्त हिस्से पर साइन बोर्ड लगाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए रिफ्लेक्टर लगाने के भी कहा है, जिससे रात्रि के समय भी वाहनों की हाईवे पर सुगमता से आवाजाही करवाई जा सके। इस मौके पर एनएचआईडीसीएल के साइड इंजीनियर अबरार अहमद सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com